हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 29 सितंबर, 2025



## जिला भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

# भावेश बने कोषाध्यक्ष, बंटी को मिला मंत्री का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लंबे इंतेजार के बाद आखिरकार जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल राजपूत ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। जिला भाजपा की कार्यकारिणी में प्रमुख पद में शामिल महामंत्री के लिए डिकेश साहू और कोषाध्यक्ष के लिए भावेश बैद, जिला मंत्री के रूप में जैसल लाल बंटी के नाम पर मुहर लगा दी गई है। वहीं अमर ललवानी को पार्टी ने मीडिया प्रभारी बनाये रखा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन महीने से भाजपा की कार्यकारिणी को लेकर पार्टी स्तर पर मंथन चल रहा था। महामंत्री और कोषाध्यक्ष के पद को लेकर सर्वाधिक दावेदार सामने आए। वहीं अपने नाम को फाइनल कराने के लिए लॉबिंग भी की गई, इसकी वजह से सूची जारी होने में देरी भी होते रही। लेकिन अंतत रविवार को भाजपा ने अपनी कार्यकारिणी जारी कर दी है।

जिला उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जागृति यदु, देव कुमारी साहू, किरण बारले, तरुण लहरवानी, जगजीत सिंह भाटिया। जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, डिकेश साहू। जिला मंत्री जैसल लाल बंटी, ऋषि देव चौधरी, जैन कुमार मेश्राम, बोधन साहू, मीना पुजेरी, प्रीति ताम्रकार। जिला कोषाध्यक्ष भावेश बैद, सह कोषाध्यक्ष आकाश चोपड़ा। जिला मीडिया प्रभारी – अमर लालवानी, सह मीडिया प्रभारी रवि सिन्हा, रघु शर्मा, प्रवक्ता कैलाश शर्मा, राम कुमार गुप्ता। कार्यालय मंत्री अतुल रायजादा, सह कार्यालय मंत्री मुकेश ध्रुव, कार्यालय प्रभारी त्रिगुण टांक, कार्यालय सह प्रभारी अरुण शुक्ला, जिला आई.टी. सेल संयोजक मनीष गोलछा, आईटी सेल सहसंयोजक सूर्यकांत शर्मा एवं सोशल मीडिया संयोजक इशान शर्मा, सहसंयोजक मुकेश शर्मा, देवेंद्र यदु।



### कार्यकर्ताओं में उत्साह

इधर सूची जारी होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता देर रात तक नवयुक्ति पदाधिकारियों को बधाई देने जूटे रहे। वहीं कई कार्यकर्ता व्यक्तिगत रूप से भी मिलकर पदाधिकारियों को बधाई दी। नवगठित कार्यकारिणी में समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करते हुए अनुभव, युवा जोश और सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है।

### भाजपा को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इस नई कार्यकारिणी की टीम संगठन को मजबूत बनाते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पार्टी की योजनाओं और विचारधारा को पहुँचाने का कार्य करेगी। प्रदेश नेतृत्व ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह टीम राजनांदगांव जिले में भाजपा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।



- **कोमल सिंह राजपूत,** जिला अध्यक्ष भाजपा








नवरात्रि पर्व
घर सजे हमारे साथ
खरीदें सूरत की साड़ी
सूरत के दाम पर
एक छत के नीचे
पूरे परिवार के लिये
खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
शेरवानी, सूट, ब्लेजर, साड़ियां, रेडीमेड, लायचा, होजयारी, हैंडलूम, सूटिंग, फर्निशिंग, शर्टिंग, किड्स वियर



अगमदास दुर्गा उत्सव समिति सोमनी


बाजार चौक, सोमनी


भगवती नगर, सोमनी


मॉं सरस्वती उत्सव समिति, चिचोला


शिवशक्ति दुर्गा समित, सरखेड़ा


सरस्वती मानस परिवार चारभांठा

## धर्मनगरी में बह रही भक्ति की धारा

# मौसम ने रोका पदयात्रियों के कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मौसम में उतार चढ़ाव का असर नवरात्र पर्व में देखने मिल रहा है। बारिश होने के कारण पंचमी को पर्व का माहौल फीका नजर आया। नवरात्रि के पहले दो दिन तक हल्की बारिश के बाद चौथे दिन शाम से देर रात तक और पंचमी को सुबह तक लगातार हुई बारिश ने दर्शनार्थियों की भीड पर अंकुश लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि पंचमी को लगभग 3 लाख दर्षनार्थी पहुंचते रहे हैं। इस बार आसपास के लोग ही दर्शन करने पहुंचे। अन्य राज्यों से आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या में काफी कमी रही। बदलते मौसम से अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद से आए दुकानदारों की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

पार्किंग, मनोरंजन, खाद्य सामग्री, नारियल प्रसाद का व्यापार करने वाले लोगों को कमाई होना तो दूर नौ दिन का खर्च निकलना मुश्किल दिख रहा है।



### पंचमी को माता विशेष श्रृंगार

पंचमी को मां बम्लेश्वरी का विशेष अभिषेक श्रृंगार किया गया। माता के दरबार को सालों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप फलों से सजाया गया। दूसरे दिन फलों को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

### सेवा पंडालों में सुविधाओं का अभाव

मां बम्लेष्वरी के दरबार में कोरोना काल के बाद बड़ी संख्या में पदयात्री आ रहे है। नवरात्रि के तीसरे दिन से पंचमी तक लगभग 1 लाख पदयात्री यहां पहुंचे। पदयात्रियों के लिए प्रशासन ने पंचायतों के माध्यम से सेवा पंडाल लगाया है किन्तु इन पंडालों में व्यवस्था पर्याप्त नजर नहीं आ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने पंडाल में उपचार की बेहतर व्यवस्था किया है। जबकि धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक दल के पंडाल नजर नही आ रहे हैं। पद यात्रियों के लिए निः शुल्क स्वल्पाहर की व्यवस्था नही के बराबर है। इस बार दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव के अलावा चिचोला, बोरतलाब मार्ग, खैरागढ़ मार्ग से भी पदयात्री पहुंच रहे हैं। शिवपुरी के पूर्व सरपंच राजकुमार द्विवेदी की मृत्यु के पूर्व करेला भंडारपुर से द्वारा देवकटटा एवं अछोली मार्ग पर सेवा पंडाल लगाया जाता था जो इस बार नहीं लगा है। अष्टमी हवन तक 2 से 2.50 लाख पदयात्रियों के पहुंचने का अनुमान है। एकम और दूज को बारिश होने के बाद भी 3 से 4 लाख दर्षनार्थी पहुंचने की जानकारी मिली है।

### दुर्ग जिपं अध्यक्ष पहुंची माई के द्वार



डोंगरगढ़। जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे जामुल से पदयात्रा करते हुए मां बम्लेश्वरी के द्वार पहुंची। वह गत 24 सितंबर को जामुल से 300 महिलाओं के साथ रवाना हुई थी। करीब 100 किमी की दूरी तय करने के दौरान श्रीमती बंजारे को बारिश का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते टीम के आधे सदस्य स्वास्थ्य को ध्यान को रखकर वापस चले गए। शेष महिलाओं के साथ उन्होंने पैदल यात्रा किया। जामुल से रवना होने के बाद उन्होंने अंजोरा में रात्रि विश्राम किया। सुकुलदैहान से रवाना होकर बेलगांव की अग्रवाल धर्मशाला में विश्राम किया। पूर्व सरपंच छबील साहू ने विश्राम की व्यवस्था कराया। बेलगांव से सुबह सफर शुरू करते हुए अपरान्ह तीन बजे डोंगरगढ़ पहुंची। कालकापारा में भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे के होटल में अल्प विराम के बाद छिरपानी के लिए रवाना हुई। सीढ़ियों को नमन कर वह रोपवे पहुंची। ऊपर मंदिर में उन्होंने मां बम्लेश्वरी की पूजा- अर्चना किया। इस दौरान प्रिंस कक्कड़, संतोष राव, विजेंद्र ठाकुर, मोंटी भाटिया, सुमित मिश्रा, अखिलेश गढ़वाल, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे, अमन, विजीत विजयवार, अमनदीप भाटिया, गोलू सेन ने स्वागत किया।

## आर्ची जैन को मिला सर्टिफिकेट आफ मेरिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

निस लूपस सोसायटी ऑफ स्किल बेस्ड एजुकेशन ने युवा संसद 2.0 का गत दिनों सफल आयोजन रायपुर में किया।

इस आयोजन ने युवाओं को विचार-विमर्श, बहस और नीति-निर्माण पर गंभीर संवाद करने का अवसर प्रदान किया गया ताकि नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहन मिले। यह आयोजन सोसायटी के अध्यक्ष आशुतोष सिंह, सचिव आविषी गुप्ता, संयुक्त सचिव दामिनी महानंद, कोषाध्यक्ष निकिलेश सैमुअल, जनसंपर्क निदेशक आरची जैन, गतिविधि निदेशक नवेद आलम, कार्यकारी सदस्य शुभम स्वाइन तथा सोशल मीडिया प्रमुख दिपेन शाह के मार्गदर्शन में हुआ। कड़ी प्रतिस्पर्धी और प्रभावशाली वाद-विवादों के बाद विजेता के रूप में सम्यक बेल की घोषणा की गई। इस दौरान कलिंगा यूनिवर्सिटी की छात्रा आरची जैन को सर्टिफिकेट आफ मेरिट से नवाजा गया।



## खबर संक्षेप

### स्कूल में फिल्म का प्रदर्शन

डोंगरगढ़। हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने छात्र, छात्राओं को स्वास्थ संबंधी जानकारी दी। इस दौरान जैन कुमार मेश्राम, रवि यादव, मनीष सोनी, हेमकुमार साहू, अनिल वर्मा, रोशन वर्मा, भागचंद वर्मा, धुरसिंह धनकर, दीपक ठाकुर आदि उपस्थित थे।



### सांसद अग्रवाल पहुंच देवी मंदिर

डोंगरगढ़। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समर्थको के साथ पहुंचकर उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में माता बम्लेष्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। डोंगरगढ़ पहुंचे सांसद श्री अग्रवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा नेता हरविंदर सिंग मंगे के होटल राजइन पहुंच कर पार्टी की गतिविधियां पर चर्चा किया।



### कार्यकर्ताओं ने मनाया भारती का जन्मदिन

डोंगरगढ़। पूर्व विधायक रामजी भारती का जन्मदिन कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के अनेक जगह आयोजन कर उनका स्वागत किया गया। आतिशबाजी कर केक काटा गया। श्री भारती ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के बाद आश्राम और छात्रावास जाकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया।



### फेडरेशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने कीरत

छुरिया। छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर निर्वाचन पर्यवेक्षक दीपक साहू, खिलावन ठाकुर, मिलन साहू, प्यारेलाल साहू की मौजूदगी में ब्लॉक ईकाई अध्यक्ष का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। फेडरेशन से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कीरत गणवीर को दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुना। चुनाव के बाद शिक्षकों ने गुलाल और फूलमाला से उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश खोब्रागढे, उमाशंकर साहू, जगेश्वर साहू, विभोर अग्रवाल, सतीश लहरे, चेतन दुबे, कार्तिक धृतलहरे, दिग्विजय नेताम, पदमा सेवता आदि मौजूद थे।



## महाविद्यालय में डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म स्व से समग्र तक को प्रदर्शन किया गया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस आयोजन अंतर्गत हम स्व से समग्र की ओर यात्रा करते हुए समाज के सभी वर्ग से जुड़कर हर संभव मदद के लिए तैयार रहेंगे। विद्यार्थियों को जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश पटेल, प्राचार्य डॉ एके धमगाये, हेमंत चोपड़ा ने भी संबोधित किया।

इस दौरान लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, दुर्गेश रामटेके, महेश्वर साहू, गौरव यदु, गोविंदा राजपूत, नवनीत अहीर, दिग्विजय मिश्रा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। संचालन देवेन्द्र पटेल तथा आभार प्रदर्शन गौरव देवांगन ने किया।

## झाड़ू थामकर स्वयंसेवकों ने किया सड़कों की सफाई



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर में स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। एनएसएस के 130 स्वयंसेवकों ने अभियान में हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने रेलवे चौक से महावीर तालाब तक स्वच्छता रैली निकाला और सफाई किया। स्वयंसेवकों ने घर, कॉलेज व अन्य जगह को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। आयोजन में अमन नामदेव, कुश मालेकर, डाकेश्वर वर्मा, रमन, अनंतसिंह, आकांक्षा राजपूत, चंद्रदेव, हेमलता साहू, शिखा, डिकेश्वरी, आकाश, युवराज पटेल, साहिल आदि शामिल हुए।

### निबंध स्पर्धा में करीना विजेता

महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन मेरा युवा भारत संस्था राजनांदगांव के सहयोग से संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ ईवी रेवती एवं मेरा युवा भारत राजनांदगांव के ओमप्रकाश कामड़े थे। प्रतियोगिता में 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रथम करीना डोंगरे, द्वितीय बबिता मेश्राम एवं तृतीय स्थान पीयूष यादव ने प्राप्त किया। विजेताओं को मेरा युवा भारत संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## बाजार में कीचड़ से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी



ग्रामपंचायत सीतगांव के साप्ताहिक बाजार का हाल बेहाल है। अव्यवस्था के चलते दुकानदारों और आसपास से खरीदी करने आने वाले ग्रामीणों को इन दिनों काफी परेशान होना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में पखांजूर, औंधी, मदनवाडा सहित अन्य जगह के व्यापारी आते है। बाजार स्थल की हालत ऐसी है कि व्यापारियों को दुकान लगाने में काफी दिक्कत होती है क्योंकि सफाई नहीं होने से जहां तहां गंदगी फैली रहती है। गड्ढों में मिट्टी डाला गया है जिससे बारिश होने पर कीचड़ हो जाती है। दूरदराज गांवों से आने वाले लोगों को कीचड़ पर चलते हुए खरीदी करना पड़ता है।

### व्यापारियों ने रखा समस्या

जानकारी के अनुसार गत दिनों व्यापारियों ने सरपंच को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि बदबूदार और कीचड़ वाले स्थान पर बैठकर दुकानदारी करना पड़ रहा है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411


## दवायुक्त खीर का वितरण छह को

डोंगरगांव। स्थानीय श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा के मौके पर आगामी छह अक्टूबर को दवा युक्त खीर वितरण किया जाएगा। शिव आरोग्य निकेतन के वैद्य महेश गंजीर ने बताया कि खीर वितरण रात्रि 12 बजे के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दवा युक्त खीर के अपेक्षित लाभ के लिए सेवन के 4 घंटे पहले और बाद में कुछ न खाएं। इसी प्रकार कम से कम 3 घंटे तक जागरण करना अनिवार्य है। दवा सेवन के बाद किसी प्रकार के नशा के अलावा भटा, मुनगा, लौकी, कुम्हड़ा का सेवन न करें।

## दुर्गा मंदिर में रास गरबा की धूम



डोंगरगांव। नवरात्रि के मौके पर कालेज रोड स्थित मां दुर्गा के मंदिर परिसर में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न समाज की महिलाएं इस आयोजन में शामिल हो रही है। उल्लेखनीय है कि गरबा नृत्य नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा को समर्पित एक भक्तिपूर्ण लोक नृत्य है जो जीवन चक्र, स्त्री शक्ति और देवी दुर्गा के बुराई पर विजय का प्रतीक है। इस नृत्य की शुरूवात गुजरात से हुई थी। इसे देवी की शक्ति और खुशी व्यक्त करने का तरीका माना जाता है। देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था और इस विजय का जश्न मनाने के लिए गरबा किया जाता है।

# एनएसएस ने मनाया स्थापना दिवस

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदी के नेतृत्व में रासेयो का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। अतिथि बीआईटी दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ अभिषेक चक्रवर्ती, सरबजीत बन्नोआना थे। प्राचार्य डॉ रेवती ने रासेयो के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



मुख्य अतिथि डॉ. चक्रवर्ती ने स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने एनएसएस की उपयोगिता एवं महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में 20 स्वयंसेवकों को 2 बी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में आभार प्रदर्शन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने किया। इस दौरान पूर्व स्वयंसेवक विक्की रामटेके, अविनाश टेंभूलकर, डाकेश्वर वर्मा, रमन साहू, वीरेंद्र, उमाकांत, यशस्वी, वैशाली, पायल, अंजलि, अनंत सिंह, आकांक्षा राजपूत, माहेश्वरी दुबे, चंद्रदेव, हेमलता साहू, लोकेश पटेल, आकाश, टेकचंद वर्मा, युवराज पटेल, उगेश्वरी, दिव्या, डिकेश्वरी, योगिता, आंचल, रेणुका, यशिका, लक्ष्मी, दीपिका, संगीता, प्रीति, संजना आदि मौजूद थे।


HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 29 सितंबर, 2025



# तीन जिलो में साढ़े 6 हजार से अधिक आवेदन, महज दस% ने ही चूना वेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएम सूर्यघर योजना का शासन-प्रशासन बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रही है। बिजली विभाग से लेकर जिला प्रशासन लगातार लोगों को इसके फायदे बता रहा है। प्रभावित होकर लोग भी अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं, परन्तु आवेदन के बाद वेंडर चुनने का काम नहीं किए जाने के चलते महज दस फीसदी लोगों के ही आवेदन स्वीकृत हो पाए हैं। स्थिति यह है कि तीन जिलों में अब तक जहां साढ़े छह हजार से अधिक आवेदन मिल गए हैं। वहीं केवल 673 ने ही वेंडर चूना है।

हालांकि इस स्थिति को देखते हुए अब विभाग लोगों को आवेदन का सही तरीका समझाने में जुटा हुआ है। वहीं सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी के डीलर भी लोगों को सही तरीका बता रहे हैं। ज्ञात हो कि वेंडर चुनने के बाद ही आपके घर में सोलर पैनल लग पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले आपको पीएम सूर्यघर योजना के तहत आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान ही आपको कुछ वेंडर के विकल्प दिखाए जाएंगे। जिनमें से अपनी पसंद अनुसार आपको वेंडर का विकल्प चुनना होगा। वेंडर चुने जाने के बाद संबंधित टीम आपके घर आकर सर्वे करेगी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आपको बजट बताया जाएगा। आपका आवेदन स्वीकृत होने के बाद वेंडर आपके घर में सोलर पैनल लगा देगा। यह कार्य पूरा होने के बाद केंद्र और प्रदेश सरकार की सब्सिडी आपके खाते में आएगी। अभी सब्सिडी इंस्टॉलेशन के बाद महीनेभर के भीतर आ रही है।

## एक लाख तक की सब्सिडी भी दे रही सरकार, सर्वे के बाद लग रहे पैनल



### शहर से सर्वाधिक आवेदन

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक योजना के तहत 6928 आवेदन आए हैं। इनमें केवल राजनांदगांव डिवीजन से ही 5082 आवेदन शामिल हैं। वहीं खैरागढ़ जिले से 351, डोंगरगढ़ डिवीजन से 543, डोंगरगांव डिवीजन से 228 और मोहला-मानपुर जिले से 724 आवेदन आए हैं। इनमें 270 का इंस्टॉलेशन पूरा हो चुका है। जिनमें राजनांदगांव में 169, खैरागढ़ में 10, डोंगरगढ़ में 16, डोंगरगांव में 17 और मोहला-मानपुर में 14 शामिल हैं। अविभाजित जिले में 186 आवेदकों को सब्सिडी भी मिल चुकी है।

### केंद्र के साथ राज्य की भी सब्सिडी

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा एक किलोवाट के लिए 30,000 रुपए, दो किलोवाट के लिए 60,000 रुपए तथा तीन किलोवाट के लिए 78,000 रुपए सब्सिडी प्रदान की जा रही थी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए अब प्रदेश सरकार भी अपनी ओर से सब्सिडी दे रही है। जिसके तहत उपभोक्ताओं को एक किलोवाट के लिए 15,000 रुपए, दो किलोवाट के लिए 30,000 रुपए तथा तीन किलोवाट के लिए भी 30,000 रुपए सब्सिडी देने की घोषणा की गई है। इस राशि के बाद अब एक से लेकर तीन किलोवाट तक कुल सब्सिडी क्रमशः 45,000 रुपए, 90,000 रुपए तथा 1,08,000 रुपए हो गई है। वहीं बैंकों से 10 वर्षों के लिए 6 प्रतिशत की ब्याज दर पर आसान ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त, जिले का दौरा कर लेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बूथ और सेक्टर समितियों के निर्माण बाद अब कांग्रेस में जिला एवं शहर अध्यक्ष बदले जाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। उदयपुर अधिवेशन में तय फार्मूले के अनुसार अब पर्यवेक्षक सभी जिलों में जाकर आम सहमति के बीच बेहतर विकल्प तलाशेंगे। राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के लिए चरण सिंह सापरा को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

दशहरा के बाद वे जिले का दौरा कर जमीनी स्तर पर बेहतर नेता के लिए कांग्रेसियों से फीडबैक लेंगे। बताया जा रहा है कि दिवाली के बाद नवंबर में प्रदेश के सभी जिलो की एक साथ सूची जारी कर दी जाएगी। पर्यवेक्षक के साथ राजनांदगांव शहर और ग्रामीण के लिए उमेश पटेल को उनके सहयोगी के रूप में रखा गया है खैरागढ़ के लिए संदीप साहू विधायक काजल को रखा गया है मोहला मानपुर के लिए वीरेश ठाकुर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांकेर को बनाया गया है उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के लीडर राहुल गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अब जिला अध्यक्ष का चयन भी पर्यवेक्षक की फीडबैक के आधार पर ही किया जाएगा। इस फार्मूले के तहत गुजरात और मध्य प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है। अब इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के भी सभी जिलो में कांग्रेस अपने अध्यक्ष बदलने जा रही है। हालांकि इसमें यह भी हो सकता है कि बेहतर प्रदर्शन वाले मौजूदा अध्यक्षों को रिपीट कर दिया जाए। बताया जा रहा है कि अगले एक महीने के भीतर पूरी प्रक्रिया कर ली जाएगी।

### क्षेत्र के लोगों से करेंगे चर्चा



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दिए निर्देश अनुसार पर्यवेक्षक न केवल कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठों से नए अध्यक्ष के लिए राय लेंगे। बल्कि इसके अलावा बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों से भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सेवा के क्षेत्र में जुड़ी संस्थाओं से भी बात की जाएगी। इस तरह से यह कोशिश होगी कि अधिक सक्रिय नेता को जिले की कमान सौंपी जाए।



अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN (2 Year, 10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) (1 Year, 10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444



जिंदगी का सबसे बड़ा निवेश - अपना घर
For Bookings Call 92292-00515, 022693-34648
Chouhan Business Center | Chouhan's Singapore Life City-1 Bhilai | Chouhan's Singapore Life City-2 | Sunrise City | Singapore Life City Phase 4 Kutela Bhata, Bhilai | Chouhan Green Valley Phase 1, 2, 3
4th floor, Chouhan Park View Commercial, Beside Shri Shankaracharya Mahavidyalaya, Junwani Road, Bhilai, C.G.

## खबर संक्षेप

### सम्मान राशि से स्कूल को दिया स्मार्ट टीवी



**सड़क अतरिया।** इलाके में ऐसे बहुत कम शिक्षक है जिनका जीवन छात्रों के लिए समर्पित है। अंचल में एक शिक्षक ऐसा भी है, जिसने सम्मान में मिली राशि को छात्रों के हित में उपयोग करते हुए स्मार्ट टीवी भेंट में दिया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तर में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में प्राथमिक शाला भदेरा के प्रधान पाठक चिन्ताराम धुर्वे को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान में उसे शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं 5 हजार का चेक विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिलाधीश इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओ रमेन्द्र डड़सेना, नीलम राजपूत आदि ने दिया था। शिक्षक श्री म धुर्वे ने सम्मान में प्राप्त राशि से शाला को स्मार्ट टीवी भेंट किया है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बीआर जंघेल, संकुल समन्वयक राजूदास मानिकपुरी, प्रधानपाठक पन्नालाल जंघेल, संजीव धुर्वे, चेतराम वर्मा, बाबूलाल सोरी, रामकेश्वरसिंह, लोचनराम जंघेल, रमेश वर्मा, नरोत्तम, परेटन जंघेल, तिजेन्द्र जंघेल, गुलाब दास मानिकपुरी, तुलसिया बाई यादव, मंगली बाई मानिकपुरी, पेमीन मानिकपुरी व शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बने देवराज



**छुईखदान।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपालसिंह खैरा, राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला की सहमति, प्रदेश प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीतसिंह गेंदू, छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार एवं राम मोहन बरुआ की अनुमति से किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने देवराज किशोर दास को किसान कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री दास के नाम की घोषणा से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उल्लेखनीय है कि वह सालों से किसान हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने निरंतर किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसान संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। आशा जताई है कि देवराज किशोर दास के नेतृत्व में किसान कांग्रेस को नई दिशा, ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

### 75 साल से राम- कृष्ण लीला का मंचन

**पटेवा।** बालकृष्ण लीला मंडली के गठन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन आगामी दो अक्टूबर को न्यू दशहरा मैदान में शाम 4 बजे से किया गया है। ग्राम में लीला के मंचन की शुरुआत दशहरा के दिन 1950 को की गई थी। उस दौर में 7 या 9 दिन तक रामलीला, कृष्ण लीला का मंचन होता था। ग्राम में अब भी लीला का मंचन किया जाता है। दशहरा के मौके पर राम के साथ कृष्ण लीला का मंचन किया जाता है। ग्राम के कलाकार इसमें भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करते है। यहां की मंडली छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों सहित नागपुर जैसे शहरों में लीला का मंचन कर चुकी है। इस मंडली के पुराने कलाकार शेरसिंह ठाकुर, लोकनाथ देवांगन, संतराम वर्मा, कोदुप्रसाद दुबे, रामेश्वर दुबे, गंगाराम दुबे, अलख प्रसाद दुबे, जनक देवांगन, पवन दुबे, शिव कुमार साहू, परदेश साहू अब नहीं रहे, किन्तु उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है। वर्तमान में कृष्ण लीला का संचालन जेआर साहू के मार्गदर्शन में माखनलाल साहू, हरीशंकर साहू, गालवराम पाल, सम्पत वर्मा, नैनचंद देवांगन, शुक्लाराम साहू, माधव शंकर साहू, अर्जुन साहू, प्यारी साहू द्वारा किया जा रहा है।

### साइकलिंग में छात्राओं ने बढ़ाया मान



**साल्हेवारा।** स्थानीय सेजेस के खिलाड़ियों ने 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रायपुर में साइक्लिंग में शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में चंद्रेश्वरी पांचे ने मास स्टार्ट इवेंट में स्वर्ण पदक, कुमेशवरी पटेल ने टाइम ट्रायल इवेंट में स्वर्ण और बिंदिया पटेल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। यामिनी यादव ने सब जूनियर वर्ग के टाइम ट्रायल इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तीन खिलाड़ियों का चयन झारखंड में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन छात्राओं को प्राचार्य बहादुरसिंह खुसरो, प्राचार्य विनीत दास, व्याख्याता नरेंद्र पटले, जेके साहू, गिरधारी लाल वर्मा, सुजाता यादव, श्रद्धा साहू आदि ने बधाई दी है।

### बैगलेस डे पर बच्चों ने किया दुर्गा का अभिनय



**सड़क अतरिया।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर सभी तरह धूम है। इसी कड़ी में प्राथमिक शाला सड़क अतरिया में शनिवार को बैगलेस डे पर छात्रों ने नव दूर्गा का रूप धारण कर अभिनय किया। छात्रों ने दुर्गा, शंकर, सरस्वती, असुर आदि की वेशभूषा धारण कर कला का प्रदर्शन किया।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



**सड़क अतरिया।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के तहत लोगों से रूबरू हुए। भाजपा कार्यकर्ता ब्लाक एवं मंड़ल स्तर पर एकत्र होकर कार्यक्रम को सुना व देखा। इसी कड़ी में ग्राम साखा के बूथ क्रमांक 164 में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम की 126 वी कड़ी को सुना। इस दौरान ठाकुरराम साहू, परमेश्वर वर्मा, सुकालू वर्मा, बेदु यादव, हरवंस साहू, तिलक साहू, राजेंद्र वर्मा अन्य मौजूद थे।

### भूमिका ने बढ़ाया गौरव



**साल्हेवारा।** स्थानीय महाविद्यालय की बीएससी सेकंड सेमेसस्टर की छात्रा भूमिका रजक ने परीक्षा में 82 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल किया है। भूमिका शुरू से मेधावी स्टूडेंट है। उसे प्रभारी प्राचार्य नीतू डोंगरे, अरविंद भेड़िया, अखिलेश यादव, लोकेश सुमन, मानसी वर्मा, श्री रावत, श्री जोशी, पिता मोहित रजक एवं मा रेखा रजक आदि ने बधाई दी है।

## जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी भारत विषय पर कार्यक्रम

# स्वदेशी भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि यह एक राष्ट्रीय आंदोलन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपा कार्यालय पिपरिया में जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी भारत विषय पर विशेष विचार गोष्ठी में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और जीएसटी बचत योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य श्री निषाद ने कहा कि स्वदेशी अपनाना भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

उन्होंने पश्चिमी देशों का उदाहरण देते हुए बताया कि वे अपने उत्पादन तंत्र को प्राथमिकता देकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत करते हैं। यदि भारत भी अपने उत्पादों, शिल्प, कारीगरी और तकनीकों को बढ़ावा देगा तो देश हर स्तर पर समृद्ध बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्रीय आंदोलन है,




जिसे हर गांव, हर मुहल्ले तक पहुंचाने की आवश्यकता है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि स्वदेशी जीवनशैली अपनाने से हमारी अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजग़ार के नए अवसर पैदा होंगे। जब देशवासी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो आत्मनिर्भरता केवल एक विचार नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप में साकार होगी।

### जीएसटी बचत से व्यापारी और उपभोक्ता दोनों होंगे लाभान्वित : घम्मन

पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने जीएसटी बचत उत्सव विषय को लेकर कहा कि यह योजना न केवल व्यापारी वर्ग के लिए लाभदायक है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी आर्थिक लाभ देती है। उन्होंने विस्तार से समझाया कि जीएसटी बिल के माध्यम से खरीदारी करने पर किस प्रकार उपभोक्ताओं को सुरक्षा और बचत दोनों प्राप्त होती है। कार्यक्रम अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ बिसेसर साहू ने कहा कि पार्टी ने हमेशा से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान को केवल सरकारी योजना न समझें बल्कि इसे राष्ट्रभक्ति का प्रतीक माने और जन-जन तक इसका संदेश पहुचाएं। समापन संबोधन मे पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल जानकारीपूर्ण रहा बल्कि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। इस दौरान टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, नीलिमा गोस्वामी, जीवन देवांगन, अनिल अग्रवाल, विनय देवांगन, शशांक ताम्रकार, नवनीत जैन, आयश सिंह बोनी, समस्त मंडलो अध्यक्ष, तथा महिला मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जांगड़े का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- सेवा पखवाड़ा के तहत संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े एकदिवसीय प्रवास पर गंडई पहुंचे। पार्टी ने आतिशबाजी और पुष्पगुच्छ से उनका जोरदार स्वागत किया। सेवा पखवाड़ा के तहत संगठनात्मक बैठक में डॉ. जांगड़े ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अनुसूचित जाति समाज के अंतिम हितग्राही तक पहुंचाना है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। डॉ. जांगड़े ने कांग्रेस पर पीएससी घोटाला, शराब घोटाला और गोबर खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप लगाया।

## गांजा बिक्री अरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 1 किलो गांजा बरामद किया है। अ

पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 27सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के लिए पिपरिया बाईपास पर ग्राहक का



इंतजार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए खैरागढ़ पुलिस टीम द्वारा पिपरिया बाईपास रोड पर दबिश दी गई।

### एक किलो गांजा बरामद

दबिश के दौरान आरोपी हीरा देवार निवासी देवार पारा, खैरागढ़ को पकड़ा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 1 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 12,000रूपये को विधिवत कार्यवाही उपरांत जब्त किया गया।आरोपी के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## संगीत विवि में सेवा पर्व के तहत कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में सांस्कृतिक संशाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पर्व 2025 के तहत विकसित भारत, विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य, विधायक यशोदा वर्मा, प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य मे हुआ। कार्यशाला में चित्रकला विभाग के लगभग 100 छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए जिन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए



विभिन्न आकृतियां बनाई। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सीसीआरटी के फील्ड ऑफिसर देव नारायण रजक ने विस्तृत जानकारी दी और स्वच्छता शपथ दिलाया। मुख्य अतिथि कुलपति ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार की नेक पहल है। हमारा लक्ष्य दूरगामी है और 2047 तक हमारे देश का परचम पूरे विश्व में सबसे ऊपर लहराएगा। हमारा प्रयास है कि कला एवं संस्कृति मूल से प्रारंभ होकर आगे तक चले और हम इसके अनुयायी बनें। विधायक यशोदा वर्मा ने इस विवि की स्थापना के लिए अपना राजमहल दान करने वाले राजा, रानी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विवि का प्रचार प्रसार कर बच्चों को यहां अध्ययन करने प्रेरित करने कहा और अध्ययनरत विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़कर विवि सहित प्रदेश का नाम रोशन करने कहा।

आभार व्यक्त करते हुए प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने कहा कि सेवा का अर्थ है निस्वार्थ भाव से परोपकार करना। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आत्मविश्वास के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करें और आगे बढ़ें।

इस दौरान विवि के विभिन्न विभागो के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष सहित अन्य मौजूद थे।

## कॉलेज में सेवा पखवाड़ा में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन व डॉ. रासेयो अधिकारी एसआर कन्नोजे के निर्देशन में सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 सितंबर को प्राचार्य ने स्वच्छता के महत्व को बताते स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी से अपने घर, आंगन, गली, गांव को स्वच्छ रखने की अपील की।

20 सितंबर को महाविद्यालय में विकसित भारत विषय पर पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी ने रूचि के साथ भाग लिया। 21 सितंबर को स्वच्छता कार्य के तहत महाविद्यालय के गार्डन व परिसर में



गाजर घास, खरपतवार, गुटखा, पाऊच, पन्नी को एकत्रित कर कार्य किया गया।

स्वच्छता रैली के रूप में महाविद्यालय से खेल चौक तक किया गया। चौक में विद्यार्थियों ने साफ-सफाई की। विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, हम बोले कितने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युगल किशोर साहू दलनायक, हेमंत साहू व संकेत साहू उपदलनायक का विशेष योगदान रहा।

## संत रामपाल की मदद से परिवार खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गरीबी और विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के लिए संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम लगातार संजीवनी साबित हो रही है। ब्लाक के अवेली में रिखी राम पिता चमरूराम पटेल का परिवार सालों से कठिन हालात में जीवनयापन करने मजबूर था। मुखिया रिखी राम पटेल लकवा के चलते एक हाथ-पैर से अशक्त हो गया तो बूढ़ी मां ही घर चलाने की कोशिश कर रही है। बेटी ने बारहवीं के बाद घर की हालत को देखते हुए पढ़ाई छोड़ दी। खेती-बाड़ी के लिए खुद की जमीन नहीं है, रहने को जर्जर छत वाली कच्चा मकान और बिल नही पटाने के कारण अंधेरों में कटते उनके जीवन मे संत रामपाल की प्रेरणा से सेवा कर रही अन्नपूर्णा मुहिम ने परिवार तक आवश्यक सामग्री पहुंचाई। चावल, दाल, मसाला, तेल, प्याज, आलू सहित एक महीने का पूरा राशन, बर्तन रखने के लिए जाली, पानी स्टोर करने के टब, प्रत्येक सदस्य के लिए दो-दो जोड़ी कपड़े, बच्चों के लिए कॉपी, कंपास बॉक्स, स्कूल ड्रेस, जूते-चप्पल, जर्जर छत पर डालने तिरपाल, ओढ़ने बिछाने 3 चारपाई, 3 गद्दे, 4 बेडशीट, चादर मच्छरदानी सहित तमाम उपयोग आनी वाले सामानों को दिया।

### संत ने अपनाया अब नहीं होगा कष्ट

मुखिया रिखी राम पटेल ने भावुक होकर कहा कि आज की दुनिया में कोई किसी का नहीं होता, लेकिन संत रामपाल ने हमें अपना लिया। वे हमारे लिए भगवान के स्वरूप हैं। पूर्व सरपंच खोमलाल साहू ने कहा कि उन्होंने जीवन में बहुत संत और महात्मा देखा हैं जो लोगों से चंदा या पैसा मांगते हैं। जबकि संत रामपाल ऐसे संत हैं जो किसी से कुछ मांगते नहीं, बल्कि लोगों को उनकी जरूरत की सारी सामग्री उपलब्ध कराते हैं। संत रामपाल के मार्गदर्शन में संचालित अन्नपूर्णा मुहिम जरूरतमंद परिवारों तक राहत पहुंचाकर समाज में इंसानियत और भाईचारे का संदेश फैला रही है। यह पहल दहेजमुक्त विवाह, रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, देहदान और नशामुक्ति अभियान जैसे अन्य समाज सुधार कार्यों की ही एक कड़ी है। यह घटना प्रमाणित करती है कि जब संत समाज के कल्याणार्थ आगे आते हैं, तब सबसे कमजोर और असहाय व्यक्ति भी नया जीवन जीने की आशा पा लेता है।

## परीक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न

# सबसे बड़े मंडल का नेतृत्व हेमंत के हाथों में




हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

परीक्षेत्र साहू समाज तुमड़ीबोड़ का चुनाव सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद पर खैरी के हेमंत साहू निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पुरुष वर्ग से गरीबादास साहू और महिला वर्ग से राधिका साहू चुनी गईं। संगठन सचिव पुरुष वर्ग से ओमप्रकाश साहू, महिला पर प्रीति साहू निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमंत साहू ने भगवानदास साहू को कोषाध्यक्ष और गोपाल साहू को सचिव मनोनीत किया है। चुनाव के दौरान नीलमणि साहू, माधव साहू, मदन साहू, अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, कोमल साहू, मोहरदास साहू, हेमसिंग साहू, भुवाल साहू, बिसोहाराम, घनेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे। पर्यवेक्षक दऊवाराम साहू और गणेशराम साहू थे। चुनाव कृष्ण कुमार साहू और परमानंद साहू ने संपन्न कराया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी धनेन्द्र साहू ने दी।

### धर्मेंद्र अध्यक्ष, महेश बने सचिव

परिक्षेत्रीय साहू संघ दीवानभेड़ी का निर्वाचन संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार धर्मेंद्र साहू, मोहन साहू, मनोज साहू थे। धर्मेन्द्र साहू को सर्वाधिक मत मिलने से निर्वाचित घोषित किया गया। इसी तरह लीला राम साहू, डेरहीन साहू उपाध्यक्ष, रिखीराम साहू, इंदु साहू संगठन सचिव निर्वाचित हुए। निर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने महेश साहू सालिक झिटिया को सचिव और नरेंद्र साहू ओडारबांध को कोषाध्यक्ष मनोनित किया है। समाज के पदाधिकारियो ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियो निर्वाचन प्रमाण प्रदान करते हुए बधाई दी। इस दौरान अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, महेश्वर साहू,मदन साहू, सुरेन्द्र साहू, बलीराम साहू, रामभरोसा साहू, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नारायण साहू, कोमल साहू, नरेश गंजीर मौजूद थे।



## विक्रांत ने किया स्कूल भवन का लोकार्पण, शिक्षा विकास का आधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्रापं सिंघौरी में नवनिर्मित शासकीय भवन का लोकार्पण कार्यक्रम व सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरण जिंप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत बाद अतिथियों ने फीता काटकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि यह स्कूल भवन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है, ताकि प्रत्येक बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके। सरस्वती साइकिल योजना तहत छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए जिंप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ाई के लिए आने वाली छात्राओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे न केवल आने-जाने की सुविधा हो रही है, बल्कि पढ़ाई में भी निरंतरता बनी है।

### शिक्षा पर डाला प्रकाश

भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाना है। मंच से अन्य वक्ताओं ने भी शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला और स्कूल भवन निर्माण के लिए शासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, जिपं सदस्य जमुना कुर्रे, पूर्व सभापति डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, गणेश वर्मा, केशव चंदेल, देवकुमार सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित रहे।






चित्रकला सरस्वती उत्सव समिति, वार्ड नं. 12, स्टेशनपारा, राजनांदगांव



माँ सरस्वती उत्सव समिति, वार्ड नं. 12, स्टेशनपारा, राजनांदगांव

## बाइक में शराब ले जाते दो पकड़ाए

**मोहला।** बाइक में अवैध रूप से देशी महुआ शराब ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनसे 102 लीटर महुआ शराब एवं बाइक बरामद किया गया।



■ 102 लीटर महुआ शराब बरामद

पुलिस के अनुसार थाना-चिल्हाटी पुलिस द्वारा सुघ्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 28 सितंबर को पुलिस ने मुखबिर के सूचना के आधार पर आरोपी नवेल सिंह गोटा उम्र 30 साल, राहुल गोटा उम्र 21 साल दोनों साकिनान मुलेटीपदी कसा थाना कोरची जिला गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) को एक बाइक में अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से बाईक पर रखे दो जूट बोरा के अंदर 4 पारदर्शी प्लास्टिक पॉलिथीन झिल्ली में 14-14 लीटर जुमला 56 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा एक हरा एक पीला खाद के प्लास्टिक बोरी में प्रत्येक में पारदर्शी प्लास्टिक पॉलिथीन झिल्ली के में एक एक पैकेट जिसमें 14-14 लीटर भरी हुई कुल 28 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा एक नीला रंग के पिट्ठू बैग के अंदर दो पैकेट पारदर्शी प्लास्टिक पॉलिथीन झिल्ली में कच्ची महुआ शराब प्रत्येक में 9-9 लीटर कुल 18 लीटर कुल 102 लीटर कीमती 20400 रूपए एवं बाईक को जप्तकर। पुलिस ने आरोपियों पर कार्यवाही की है।

## कॉन्फ्लूएंस कालेज में गरबा ग्लो 2025 नृत्य स्पर्धा

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा आयोजित गरबा ग्लो 2025 नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न विभागों से आई टीमों ने भाग लिया और गरबा की रंगीन परंपरा को जीवंत प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर उतारा। विद्यार्थियों की ऊर्जा, परंपरा के प्रति सम्मान और रचनात्मकता ने आयोजन को अत्यंत आकर्षक बना दिया। कॉलेज परिसर गरबा की लय और पारंपरिक वेशभूषा से सजा नजर आया। यह प्रतियोगिता न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास, नेतृत्व और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाली साबित हुई।मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक संजय अग्रवाल ने कहा कि गरबा ग्लो 2025 हमारे छात्रों की सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने जिस जोश और समर्पण से इसमें भाग लिया, वह सराहनीय है। ऐसे आयोजन उन्हें अकादमिक जीवन से परे भी व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करते हैं।कार्यक्रम में विभिन्न संकायों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विविध पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें बेहतरीन वेशभूषा, बेहतर तालमेल, बेहतर नृत्य प्रदर्शन, बेस्ट डांसर मेल-फीमेल, बेस्ट कास्टयूम मेल-फीमेल जैसे विभिन्न वर्गों में विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए।



## सजग होकर बचाना होगा पानी

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले को पानी की किल्लत से हो रही परेशानी को देखते 18 सितंबर से हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा की शुरूआत रबी फसल लगाने के पूर्व से की गई। रबी में कम पानी वाले अधिक लाभ देने वाले फसल लगाकर परिवर्तन करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को ग्राम छुरिया ब्लॉक के बीजेपर एवं सागर में आयोजित नीर और नारी जलयात्रा में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव देवांगन, सरपंच मोहन यादव, सावित्री वर्मा शामिल हुए। कार्यकम को संबोधित करते फूलबासन यादव ने कहा कि इस बार गर्मी के पहले अभियान चलाने का उद्देश्य गर्मी में पानी-पानी के लिए तरसे किसानों के बोर बंद हो गए। इस कारण उनके धान के फसल जल गए, जानवर को चराना पड़ गया। ऐसी स्थिति न हो इसके लिए अभी से सजग होकर पानी को बचाना होगा। शिव देवांगन ने बताया कि 18 सितंबर से आज तक 17 गांव में जलयात्रा कर कम पानी वाले ऐसे फसल लगाए, जो धान से भी अधिक लाभ दे। विगत मार्च में नीर और नारी जलयात्रा गांव-गांव में निकाली गई। जिसके अच्छे परिणाम आए हैं। बिहान, जिला प्रशासन, जनप्रतिधि की टीम की विशेष मदद से असंभव कार्य संभव हो पाया है।




## शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग में छात्र शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक अभिभावक बैठक एक ऐसा मंच है, जहां विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य सहयोग एवं निरंतर संवाद होता है। समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू ने कहा कि इस बैठक द्वारा शिक्षक-अभिभावक के मध्य संवाद होता है। जिससे शिक्षक विद्यार्थियों की समस्याओं को जानने का प्रयास करते हैं। साथ ही शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के बारे में भी अभिभावकों से चर्चा की जाती है। बैठक में अभिभावकों ने अपने बच्चों के बारे में प्राध्यापकों से चर्चा की। बैठक में ललिता साहू, तारिणी साहू, शालिनी सोनी तथा समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एकजुटता का प्रतीक है पूजा पंडाल, 41 वर्ष पहले युवाओं ने शुरू किया सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्ष 1984 के पहले एक मोहल्ले में ही अलग-अलग जगह पर माता की प्रतिमा स्थापित किए जाने को अपनी एक जुटता का परिचय देने के लिए लगभग 20 से 25 वर्ष के युवाओं ने शहर के गांधी चौक में एक स्थान पर ही नवरात्र के अवसर पर माता के प्रतिमा स्थापित करने का सिलसिला शुरू किया । इससे पहले यहां पर रामायण प्रचारक समिति और गांधी चौक में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाती थी, तो वही जगन्नाथ मंदिर के समीप मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होती थी। अलग-अलग जगह पर माता की प्रतिमा स्थापित न करते हुए उसे दौर के युवा शरद तिवारी, स्वर्गीय रामविलास पटेल, होरीलाल पटेल, विजय हरिहार्नो, अशोक शर्मा, वीरेंद्र शुक्ला, सुभाष गुप्ता और लगभग 25-30 युवाओं गांधी चौक में ही माता की प्रतिमा स्थापना शुरू की। तब से लेकर अब तक 41 वर्ष से यहां मां शक्ति की प्रतिमा स्थापित कर आराधना की जा रही है। इस पूजा पंडाल में पहले मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होती थी, वहीं कुछ वर्षों बाद यहां मां काली प्रतिमा स्थापित की जाने लगी।

मां कालिका उत्सव समिति गांधी चौक में समिति से जुड़े युवा खुद ही पंडाल बनते थे। लगभग 15 वर्ष तक उन्होंने यहां मां सस्वती की प्रतिमा स्थापित की जो शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार वासुदेव कालेश्वर बनाते थे । वही जब मां काली की प्रतिमा स्थापित करने के लिए उन्होंने मूर्तिकार से कहा तो उनके द्वारा पहले ही हमाल पारा में मां काली की प्रतिमा बनाई जाती थी इस वजह से उन्होंने गांधी चौक के लिए मां काली के प्रतिमा नहीं बनाई । जिसके बाद दुर्ग जिले के थनौद से मां काली की प्रतिमा बनाई गई और अब बीते कुछ वर्षों से यहां खैरागढ़ से मां काली के प्रतिमा बनवाकर स्थापित की जा रही है ।



### बुजुर्ग से लेकर नौजवान

गांधी चौक स्थित इस समिति में लगभग सभी उम्र के सदस्य दिखाई देते हैं। यहां बुजुर्ग सदस्य से लेकर नौजवान माता की आराधना में जुटे हुए हैं । प्रतिवर्ष पूजा पंडाल में 9 दिनों तक सेवा भजन, भंडारा प्रसादी, जगराता का कार्यक्रम भी किया जाता है । वर्तमान में समिति के सदस्य गुणवंत पटेल, उत्तम यादव, नंदू भूतड़ा, संतोष महाराज, सुनील उग्रानी, आकाश दास अतुल टांक सहित 40 से अधिक सदस्य शामिल है।

### पंडाल से युवाओं में बनी एकजुटता

इस पूजा पंडाल में वर्ष 1984 से जुड़े वर्तमान में समिति के संरक्षक शरद तिवारी ने बताया कि समिति में शुरुआती दौर में सभी युवा शामिल थे। युवाओं को एकजुट करने के लिए एक स्थान पर ही प्रतिमा स्थापित की जाने की सहमति तीनों पूजा पंडाल के लोगों ने बनाई और इसके बाद से एक जगह पर ही प्रतिमा स्थापित किया जाने लगा । उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर के लगभग सभी लोग स्वर्गवासी हो गए हैं । अब उनके पुत्र, भतीजों ने इस पूजा पंडाल की जिम्मेदारी संभाली हुई है।आज दूसरी और तीसरी पीढ़ी भी यहां आ रही है ।

# पालतू जानवरों को लगेगा टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व रेबीज दिवस पर पशुपालन विभाग द्वारा कल 28 सितंबर को जानवरों के काटने पर रेबीज से बचने के लिए घर के पालतू कुत्ता, बिल्ली अन्य जानवरों को एंटी-रेबीज टीकाकरण करवाने की अपील की गई है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. प्रतिभा भोसले ने बताया कि जानवरों के काटने पर रेबीज से बचने के लिए श्वान को तीन महीने की उम्र में टीका लगवाना चाहिए, फिर बस्टर टीके, उसके बाद हर वर्ष में टीका भी लगवाना चाहिए। इसके लिए जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में समय-समय पर निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि रेबीज एक ऐसा वायरस है , जो आमतौर पर जानवरों के काटने से फैलता है। इसके लक्षण दिखने में काफी समय लग जाता है और देर होने पर यह जानलेवा भी होता है। अगर समय रहते लोग इसके प्रति सचेत हो जाएं तो काफी हद तक बचा जा सकता है। प्रभारी जिला पशु चिकित्सालय डॉ. तरूण रामटेके ने बताया कि रेबीज के 97 प्रतिशत मामले संक्रमित कुत्ते के काटने के कारण होता है। संक्रमित कुत्ते के अलावा यह बीमारी बिल्ली, बंदर, नेवला, लोमड़ी, सियार सहित अन्य जंगली जानवरों के काटने या नाखून मारने से भी हो सकता है। रेबीज के लक्षण में बुखार आना, सिरदर्द, मुंह में अत्यधिक लार बनना, व्यावहारिक ज्ञान शून्य होना, मानसिक विक्षिप्तता, हिंसक गतिविधियां, अति उत्तेजक स्वभाव, अजीब तरह की आवाजें निकालना, हाइड्रोफोबिया (पानी से डर लगना), अपने में खोए रहना, शरीर में झनझनाहट होना, अंगों में शिथिलता आना, पैरालाइज हो जाना है।



डॉ. रामटेके ने कहा कि जानवरों के काटने पर बिना समय गवाए तत्काल काटे गए जगह को साबुन या किसी एंटीसेप्टिक लोशन से अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिए।

इसके बाद नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें और बिना देर किए 48 घंटे के भीतर रेबीज की वैक्सीन जरूर लगवाएं। डॉ. रामटेके ने बताया कि रेबीज का संक्रमण कई दिनों या सालों बाद लक्षण उभर सकता है। अगर गर्दन या सर के पास जानवर काट लेता है, तो उसका संक्रमण जल्दी से फैलता है। रेबीज के प्रारंभिक लक्षणों में आमतौर पीड़ित व्यक्ति को जानवर द्वारा काटे गए जगह पर झुनझुनी होती है। इसके अलावा बुखार, भूख न लगना और सिरदर्द जैसी शिकायत भी शुरू हो जाती है। किसी व्यक्ति को जानवर ने काटा है, तो उसे जल्द से जल्द चिकित्सक से मिलना चाहिए और एंटीरेबीज टीके लगवाने चाहिए।

# सभी योजना ठप, मधुशाला चला पा रही सरकार : बघेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के विभिन्न गांवों में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। जिले के प्रवास पर पहुंचे श्री बघेल का जगह जगह गर्म जोशी के साथ कांग्रेसजनों ने स्वागत किया।

भूपेश बघेल के काफिले के साथ मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, पूर्व विधायक तेज कुंवर नेताम, केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व जिला अध्यक्ष नवाज खान, रमेश खंडेलवाल, संजय जैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष निर्मलकर, संदीप अहिरवार, मानपुर जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक आदि शामिल रहे। जिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रस्थान करते ही बांधाबाजार, अंबागढ़ चौकी, कौडीकसा में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बृहद रूप से स्वागत किया गया। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के पटेली, मोहला के भोजटोला, मार्री और मानपुर विकासखंड के फुलकोहडो कार्यक्रम में देर रात तक श्री बघेल कार्यक्रम में शिरकत किये।

### कांग्रेस सरकार ने की आम लोगों की चिंता

मंच में उपस्थित विधायक इंद्रशाह मंडावी ने मोहला-मानपुर के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व को सराहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के पिछले पांच साल वनांचल क्षेत्र के लिए अमृत काल रहा हैं। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के रूप में नया जिला बना। जिले में तीन तहसील, धान खरीदी केंद्र, आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल, पुल पुलिया, अंतिम छोर तक सड़क निर्माण से आवागमन सुगम हुआ है। आजादी के बाद अब तक अंधेरे गांवों में विद्युत विस्तार किया। प्रशासन को करीब लाया जिससे सबको राहत मिली।

### बिजली बिल और खाद पर सरकार को घेरा

अपने एक दिवसीय दौरे पर पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम जनों को संबोधित करते हुए बढ़ते बिजली बिल और खाद की अनुपलब्धता के कारण हो रही कालाबाजारी पर, वर्तमान सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही से किसान और आम नागरिक दोनों ही परेशान हैं। पंचायत में कोई काम नहीं हो रहा है सिर्फ मधुशाला चला रही है सरकार, वही प्रेसवार्ता के दौरान नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नक्सल खात्मे की रणनीति हमने बनाई थी जिसके लिए जरुरी था सभी वर्ग के लोगों का विश्वास जितना जिसके अनुरूप हमने योजना बनाई इसमें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन अधिकार पट्टा, वन उपज की खरीदी सहित तमाम योजना लागू की गई।

# स्टेट स्कूल में 75 वर्ष से हो रहा ड्राईंग ग्रेड परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डायरेक्ट्रेट आर आर्ट मुंबई के निर्देशन में 24 से 27 सितंबर तक ड्राईंग ग्रेड परीक्षा 2025 का आयोजन शहर के स्टेट हाईस्कूल में किया गया। एलिमेटेरी ग्रेड परीक्षा में आब्जेक्ट ड्राईंग, मेमोरी ड्राईंग डिजाइन और ज्यामेट्री ड्राईंग विषय पर पेपर परीक्षा आयोजित की गई।

ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में प्रदेशभर से विभिन्न कला केन्द्रों के जरिये 187 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं ईंटरमीडिएट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में स्टील लाईफ, मेमोरी ड्राईंग, डिजाइन एवं ज्यामेट्री विषय पर परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें परीक्षार्थियों ने अपनी चित्रकला का जौहर दिखाया। ड्राईंग प्रभारी शिक्षक सुनील भागवत ने बताया कि इस परीक्षा का सर्टिफिकेट देशभर में नौकरियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

### मिलते हैं नौकरी के अवसर

स्टेट हाईस्कूल परीक्षा केन्द्र में इस परीक्षा का आयोजन लगभग 75 वर्षों से संचालित किया जा रहा है। यह प्रदेश का एकमात्र परीक्षा केन्द्र है, जहां से परीक्षार्थी प्रमाण पत्र प्राप्त कर शासन की योजना का लाभ लेते हैं। द्विवर्षीय परीक्षा में शामिल छात्र को ग्रेडिंग प्रणाली से प्रमाण पत्र प्राप्त होते हैं। इस प्रमाण पत्र के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार में एक निजी संस्थाओं में मानचित्रकार एवं ड्राईंग शिक्षक के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त होता है।

### विभिन्न कला केन्द्रों से परीक्षार्थी शामिल

इस वर्ष दीपचंद चित्रकला केन्द्र राजनांदगांव, ताम्रकार ड्राईंग कलासेस दुर्ग, विनायक फाईन आर्ट राजनांदगांव, फेस भिलाई, नुतन कला केन्द्र रायपुर, आर्ट जोन दुर्ग, यामिनीकला केन्द्र राजनांदगांव एवं फिनीशींग क्लासेस रायपुर से परीक्षार्थी शामिल हुए।

# पर्यटन मंडल अध्यक्ष शर्मा के निवास पहुंचे प्रदेश संगठन मंत्री



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री अजय जमवाल और पवन साय आज राजनांदगांव पहुंचे। यहां उन्होंने पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा के निवास में पहुंचकर उनके परिजनों से भेंट की। वहीं पूर्व सांसद अशोक शर्मा से मुलाकात कर चर्चा की। वहीं शहर के मां शीतला मंदिर के समीप सर्व हिंदू समाज के द्वारा बनाई गई लव जिहाद की स्थल झांकी का अवलोकन किया। सनातन धर्म की युक्तियों को गैर धर्म के व्यक्ति के झूठे प्रेम झांसे में नहीं आने को लेकर जागरूकता के उद्देश्य से यह झांकी बनाई गई है। जिसका निरीक्षण करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने सराहन की । इस अवसर पर उनके साथ डोंगरगांव नगर पालिका अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद मनी भास्कर गुप्ता, गोलू सूर्यवंशी, शिव वर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए।

# सुंदरा कॉलेज में चलाया आयुर्वेद व स्वास्थ्य जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं एनसीआईएसएम के निर्देशानुसार महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस सुंदरा राजनांदगांव में 17 से 23 सितंबर तक महाविद्यालय परिषर में आयुर्वेद दिवस एवं स्वास्थ्य से संबंधित जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

22 सितंबर को आयुष आहार का प्रदर्शनी आयुर्वेदिक छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा, डीन डेंटल कॉलेज सुंदरा, अध्यक्ष यूथ फाउंडेशन ऑफ इंडिया एनसी पारख एवं महाविद्यालय प्रबंधन के सदस्यगण उपस्थित रहे। एसपी मोहित गर्ग ने विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक आहार जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अम्लपित्त का उपचार करने वाले आयुष आहार की जानकारी ली। 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस पर मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। उनका स्वागत महाविद्यालय के अध्यक्ष एनसी पारख, उपाध्यक्ष एसके बोद्दुनु, सचिव संजय गोलछा ने किया।




मुख्य अतिथि सांसद पांडे ने आयुर्वेद की विस्वा में सहभागिता एवं कोरोना के समय आयुर्वेदिक काढ़ा की क्या उपयोगिता थी, इस पर चर्चा की। साथ ही महाविद्यलय द्वारा की जा रही स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। डीन डॉ. एसके नंदा द्वारा मुख्य अतिथि को बताया गया कि आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जनजागरूकता स्वास्थ्य रैली अलग-अलग स्कूल में जाकर आयुर्वेद की चर्चा, ग्राम पंचायत पदुमतरा में विशाल स्वास्थ्य मेला में लगभग 600 मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनके साथ आयुर्वेद की चर्चा, महाविद्यालय परिसर में 200 से अधिक औषधीय पौधों का वृक्षारोपण, कैंसर के रोकथाम हेतु रंगोली द्वारा प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक सत्र के साथ किया गया।

# शिविर में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत 22 से 24 सितंबर तक आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में 22 सितंबर को नगर निगम सभागृह में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कराया जाना है।जिसमें नागरिकों, वार्डवासियों, सामाजिक संस्थाओं के साथ सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई, विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा स्वच्छता अभियान में स्वच्छता ही सेवा पर स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई गई तथा लोगों से स्वच्छता अपनाने, साफ सफाई से जुडने अपील की गई।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि 22 से 24 सितंबर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने पंजीयन शिविर आयोजित करने की कड़ी में नगर निगम में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित दो मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 100 से अधिक सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 41 कर्मियों का लेब टेस्ट तथा 82 कर्मियों को दवा वितरण किया गया।


नवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई
तकनीक जापानी-दिल हिन्दुस्तानी
कुबोटा
ये सिर्फ हार्वेस्टर नहीं, ये है प्रीमियम हार्वेस्टर
2 साल लिमिटेड वॉरंटी
जापान एवं भारत की
नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर
गीली एवं पानी युक्त भूमि के लिए
e-CDIS ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट कम कंपन और कम शोर
सिंक्रोमेश गियर 12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स
बुकिंग प्रारंभ
एक बार खरीदो रिप्लेसमेंट शब्द भूल जाओ
GST छूट का लाभ उठाएं
वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी
प्रीमियम ट्रैक्टर कुबोटा
जीरो वायब्रेशन ट्रैक्टर
फोर वॉल टेक्नोलॉजी
बेवल गियर टेक्नोलॉजी
5 ईयर सुपर वारंटी
सबसे कम डीजल खपत
किसी भी कंपनी का ट्रैक्टर लेने से पहले एक बार चलाकर देखें और फर्क जाने..
*नियम एवं शर्तें लागू
GST बचत 20,000 से 1,70,000 तक*
RICE PLANTER
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रैक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
संपर्क करें : 8643000281, 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 29 सितंबर, 2025



# कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त, जिले का दौरा कर लेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बूथ और सेक्टर समितियों के निर्माण बाद अब कांग्रेस में जिला एवं शहर अध्यक्ष बदले जाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। उदयपुर अधिवेशन में तय फार्मूले के अनुसार अब पर्यवेक्षक सभी जिलों में जाकर आम सहमति के बीच बेहतर विकल्प तलाशेंगे। राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के लिए चरण सिंह सापरा को पर्यवेक्षक बनाया गया है। दशहरा के बाद वे जिले का दौरा कर जमीनी स्तर पर बेहतर नेता के लिए कांग्रेसियों से फीडबैक लेंगे। बताया जा रहा है कि दिवाली के बाद नवंबर में प्रदेश के सभी जिलो की एक साथ सूची जारी कर दी जाएगी।

पर्यवेक्षक के साथ राजनांदगांव शहर और ग्रामीण के लिए उमेश पटेल को उनके सहयोगी के रूप में रखा गया है खैरागढ़ के लिए संदीप साहू विधायक काजल को रखा गया है मोहला मानपुर के लिए वीरेश ठाकुर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांकेर को बनाया गया है उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के लीडर राहुल गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अब जिला अध्यक्ष का चयन भी पर्यवेक्षक की फीडबैक के आधार पर ही किया जाएगा। इस फार्मूले के तहत गुजरात और मध्य प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है। अब इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के भी सभी जिलो में कांग्रेस अपने अध्यक्ष बदलने जा रही है। हालांकि इसमें यह भी हो सकता है कि बेहतर प्रदर्शन वाले मौजूदा अध्यक्षों को रिपीट कर दिया जाए। बताया जा रहा है कि अगले एक महीने के भीतर पूरी प्रक्रिया कर ली जाएगी।

## अगले एक महिने में पूरी हो जाएगी प्रक्रिया, सभी वर्ग से रायशुमारी कर तलाशेंगे नया अध्यक्ष

### क्षेत्र के लोगों से करेंगे चर्चा



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दिए निर्देश अनुसार पर्यवेक्षक न केवल कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं वरिष्ठों से नए अध्यक्ष के लिए राय लेंगे। बल्कि इसके अलावा बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों से भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सेवा के क्षेत्र में जुड़ी संस्थाओं से भी बात की जाएगी। इस तरह से यह कोशिश होगी कि अधिक सक्रिय नेता को जिले की कमान सौंपी जाए।

### महिला, युवा को भी मिलेगा स्थान

रायशुमारी के बाद जिलाध्यक्ष के लिए तीन से पांच नाम प्रस्तावित किए जाएंगे। इनमें 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे, जबकि शेष पदों में 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। एआईसीसी चाहती है कि नए जिलाध्यक्ष केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी ही न संभालें बल्कि चुनाव लड़ने योग्य भी हों। ज्ञात हो इसके साथ ही इस बार जिला अध्यक्षों को संगठन में पूरी शक्तियां दी जाएंगी। टिकट वितरण में भी उनकी रिपोर्ट को अहम माना जाएगा।

### सात दिन रुकने की अनिवार्यता

कांग्रेस द्वारा बनाए गए पर्यवेक्षक को हर एक जिले में कम से कम सात दिनों तक ठहरने के निर्देश दिए गए है। बताया जा रहा है कि दशहरा के बाद पर्यवेक्षक जिले आएंगे और कुछ दिन यहीं रुककर सर्वे का काम करेंगे। बताया गया कि यह भी निर्देश दिए गए है कि पर्यवेक्षक अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आमजन से फीडबैक ले। वहीं इसके बाद जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची तैयार कर साक्षात्कार लेंगे। इसके बाद गोपनीय रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर नए जिलाध्यक्ष नियुक्त होंगे।

# तीन जिलो में साढ़े 6 हजार से अधिक आवेदन, 10 प्रतिशत ने ही चुना वेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएम सूर्यघर योजना का शासन-प्रशासन बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रही है। बिजली विभाग से लेकर जिला प्रशासन लगातार लोगों को इसके फायदे बता रहा है। प्रभावित होकर लोग भी अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं, परन्तु आवेदन के बाद वेंडर चुनने का काम नहीं किए जाने के चलते महज दस फीसदी लोगों के ही आवेदन स्वीकृत हो पाए हैं। स्थिति यह है कि तीन जिलों में अब तक जहां साढ़े छह हजार से अधिक आवेदन मिल गए हैं। वहीं केवल 673 ने ही वेंडर चूना है।

हालांकि इस स्थिति को देखते हुए अब विभाग लोगों को आवेदन का सही तरीका समझाने में जुटा हुआ है। वहीं सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी के डीलर भी लोगों को सही तरीका बता रहे हैं। ज्ञात हो कि वेंडर चुनने के बाद ही आपके घर में सोलर पैनल लग पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले आपको पीएम सूर्यघर योजना के तहत आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान ही आपको कुछ वेंडर के विकल्प दिखाए जाएंगे। जिनमें से अपनी पसंद अनुसार आपको वेंडर का विकल्प चुनना होगा। वेंडर चुने जाने के बाद संबंधित टीम आपके घर आकर सर्वे करेगी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आपको बजट बताया जाएगा। आपका आवेदन स्वीकृत होने के बाद वेंडर आपके घर में सोलर पैनल लगा देगा। यह कार्य पूरा होने के बाद केंद्र और प्रदेश सरकार की सब्सिडी आपके खाते में आएगी। अभी सब्सिडी इंस्टॉलेशन के बाद महीनेभर के भीतर आ रही है।

## एक लाख तक की सब्सिडी भी दे रही सरकार, सर्वे के बाद लग रहे पैनल



### शहर से सर्वाधिक आवेदन

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक योजना के तहत 6928 आवेदन आए हैं। इनमें केवल राजनांदगांव डिवीजन से ही 5082 आवेदन शामिल हैं। वहीं खैरागढ़ जिले से 351, डोंगरगढ़ डिवीजन से 543, डोंगरगांव डिवीजन से 228 और मोहला-मानपुर जिले से 724 आवेदन आए हैं। इनमें 270 का इंस्टॉलेशन पूरा हो चुका है। जिनमें राजनांदगांव में 169, खैरागढ़ में 10, डोंगरगढ़ में 16, डोंगरगांव में 17 और मोहला-मानपुर में 14 शामिल हैं। अविभाजित जिले में 186 आवेदकों को सब्सिडी भी मिल चुकी है।

### केंद्र के साथ राज्य की भी सब्सिडी

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा एक किलोवाट के लिए 30,000 रुपए, दो किलोवाट के लिए 60,000 रुपए तथा तीन किलोवाट के लिए 78,000 रुपए सब्सिडी प्रदान की जा रही थी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए अब प्रदेश सरकार भी अपनी ओर से सब्सिडी दे रही है। जिसके तहत उपभोक्ताओं को एक किलोवाट के लिए 15,000 रुपए, दो किलोवाट के लिए 30,000 रुपए तथा तीन किलोवाट के लिए भी 30,000 रुपए सब्सिडी देने की घोषणा की गई है। इस राशि के बाद अब एक से लेकर तीन किलोवाट तक कुल सब्सिडी क्रमशः 45,000 रुपए, 90,000 रुपए तथा 1,08,000 रुपए हो गई है। वहीं बैंकों से 10 वर्षों के लिए 6 प्रतिशत की ब्याज दर पर आसान ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# चाकू लहरा कर जान से मारने की दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

- चिखली पुलिस की कार्रवाई
- आरोपी को किया जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गाली गलौज कर चाकू लहराकर धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।




पुलिस के अनुसार प्रार्थिया ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी शेरा कश्यप गाली गलौच कर चाकू लहरा कर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस ने आरोपी शेरा कश्यप उम्र 30 साल साकिन चिखली दीनदयाल कॉलोनी अटल आवास चौकी चिखली को पकड़कर पूछताछ कर मेमोरेण्ड कथन लेकर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 296,351(2) बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

**वाद विवाद पुलिस ने पकड़ा**

इसी प्रकार क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद विवाद की सूचना के आधार पर 27 सितम्बर को दीनदयाल नगर अटल आवास चिखली में अनावेदक द्वारा आने जाने वाले लोगो को शराब के नशे में गाली गलौज, लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर तुलसी शर्मा उर्फ छोटू उम्र 22 साल साकिन दीनदयाल नगर अटल आवास कॉलोनी चौकी चिखली को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।

## दवायुक्त खीर का वितरण छह को

**डोंगरगांव**। स्थानीय श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा के मौके पर आगामी छह अक्टूबर को दवा युक्त खीर वितरण किया जाएगा। शिव आरोग्य निकेतन के वैद्य महेश गंजीर ने बताया कि खीर वितरण रात्रि 12 बजे के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दवा युक्त खीर के अपेक्षित लाभ के लिए सेवन के 4 घंटे पहले और बाद में कुछ न खाएं। इसी प्रकार कम से कम 3 घंटे तक जागरण करना अनिवार्य है। दवा सेवन के बाद किसी प्रकार के नशा के अलावा भटा, मुनगा, लौकी, कुम्हड़ा का सेवन न करें।

# दुर्गा मंदिर में रास गरबा की धूम

**डोंगरगांव**। नवरात्रि के मौके पर कालेज रोड स्थित मां दुर्गा के मंदिर परिसर में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न समाज की महिलाएं इस आयोजन में शामिल हो रही है। उल्लेखनीय है कि गरबा नृत्य नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा को समर्पित एक भक्तिपूर्ण लोक नृत्य है जो जीवन चक्र, स्त्री शक्ति और देवी दुर्गा के बुराई पर विजय का प्रतीक है। इस नृत्य की शुरूवात गुजरात से हुई थी। इसे देवी की शक्ति और खुशी व्यक्त करने का तरीका माना जाता है। देवी दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था और इस विजय का जश्न मनाने के लिए गरबा किया जाता है।



# झाड़ू थामकर स्वयंसेवकों ने किया सड़कों की सफाई

**डोंगरगढ़**। नेहरू महाविद्यालय में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर में स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। एनएसएस के 130 स्वयंसेवकों ने अभियान में हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने रेलवे चौक से महावीर तालाब तक स्वच्छता रैली निकाला और सफाई किया। स्वयंसेवकों ने घर, कॉलेज व अन्य जगह को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। आयोजन में अमन नामदेव, कुश मालेकर, डाकेश्वर वर्मा, रमन, अनंतसिंह, आकांक्षा राजपूत, चंद्रदेव, हेमलता साहू, शिखा, डिकेश्वरी, आकाश, युवराज पटेल, साहिल आदि शामिल हुए।




निबंध स्पर्धा में करीना विजेता : महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन मेरा युवा भारत संस्था राजनांदगांव के सहयोग से संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ ईवी रेवती एवं मेरा युवा भारत राजनांदगांव के ओमप्रकाश कामड़े थे। प्रतियोगिता में 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रथम करीना डोंगरे, द्वितीय बबिता मेश्राम एवं तृतीय स्थान पीयूष यादव ने प्राप्त किया। विजेताओं को मेरा युवा भारत संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# एनएसएस ने मनाया स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़**। नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदी के नेतृत्व में रासेयो का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। अतिथि बीआईटी दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ अभिषेक चक्रवर्ती, सरबजीत बन्नोआना थे। प्राचार्य डॉ रेवती ने रासेयो के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



मुख्य अतिथि डॉ. चक्रवर्ती ने स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने एनएसएस की उपयोगिता एवं महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में 20 स्वयंसेवकों को 2 बी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में आभार प्रदर्शन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने किया। इस दौरान पूर्व स्वयंसेवक विक्की रामटेके, अविनाश टेंभूलकर, डाकेश्वर वर्मा, रमन साहू, वीरेंद्र, उमाकांत, यशस्वी, वैशाली, पायल, अंजलि, अनंत सिंह, आकांक्षा राजपूत, माहेश्वरी दुबे, चंद्रदेव, हेमलता साहू, लोकेश पटेल, आकाश, टेकचंद वर्मा, युवराज पटेल, उगेश्वरी, दिव्या, डिकेश्वरी, योगिता, आंचल, रेणुका, यशिका, लक्ष्मी, दीपिका, संगीता, प्रीति, संजना आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### भगतपुर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निबंध, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं शाला परिषद की साफ सफाई करते हुए नवरात्रि पर्व पर जस गीत, गरबा नृत्य एवं देवी नृत्य का आयोजन किया गया। जिस पर संकुल समन्यवक गणेश चंद्रवंशी एवं प्रधान पाठक हीराराम चंद्रवंशी, एमएस कंझेटा ने बच्चों को स्वच्छता के बारे में बहुत अच्छे ढंग से समझाया। शिक्षको ने स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए स्वयं स्वच्छता आसपास की स्वच्छता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षक उत्तम कुमार वर्मा, शिक्षिका श्रीमती शकुंतला यदु एवं सुश्री राजकुमारी तांती, संकुल समन्वयक गणेश चंद्रवंशी, प्रधान पाठक हीराराम चंद्रवंशी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### प्राथमिक शाला मक्के में नवरात्रि पर्व मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** प्राथमिक शाला मक्के में नवरात्रि पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में देवी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, नृत्य और नाटकों का आयोजन किया गया। इसके अलावा इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जैसे कि देवी मां दुर्गा के चित्र बनाने की प्रतियोगिता और नवरात्रि से संबंधित निबंध लेखन की प्रतियोगिता किया, जिसमें बच्चो ने नवरूप धारण व गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने बच्चों को दशहरा की शुभकामनाएं दी। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, महारानी साहू, नंदकिशोर साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष दुखिया साहू, अयोध्या साहू, भोलाराम साहू सहित पालक गण, रसोइया राजवंती, रजन, मोहित तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## धर्म नगरी कवर्धा में देवांगन-कुम्हार पारा में शक्ति स्वरूपा मां चण्डी का दरबार

# मां दुर्गा के तीन रूपों की पूजा की जाती है महागौरी, चंडिका व अपराजिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सर्व शाक्तमजीजनत इस वेद वाक्य के अनुसार समस्त विश्व ही शक्ति से उत्पन्न है। शक्ति द्वारा ही अनंत ब्रह्मांडों का पालन, पोषण और संहारादि होता है। चण्डिका दुर्गा का ही एक अवतार है। दुर्गा के तीन प्रमुख रूपों की पूजा की जाती है जिसमें महागौरी, चंडिका और अपराजिता। इनमें से चंडिका के दो रूप हैं, जिन्हें चंडी और चामुंडा कहा जाता है जिन्हें देवी कौशिकी ने चंड और मुंड राक्षसों को मारने के लिए बनाया था। इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि धर्म नगरी कवर्धा में देवांगन-कुम्हार मोहल्ले में शक्ति स्वरूपा मां चण्डी का दरबार है। स्थानीय बुजुर्ग बद्री देवांगन के अनुसार भाटापारा के तरेंगा गांव के दो सगे भाइयों मिठैया देवांगन एवं इतवारी देवांगन 75 वर्ष पूर्व कवर्धा पहुंचे। देवांगन पारा के उनके निवास में मां चण्डी की प्रतिमा लगभग 150 वर्ष पूर्व से विराजित थी। इतवारी देवांगन ने मानव कल्याण के लिए माता की उस मूर्ति को अपने निवास स्थान से सार्वजनिक स्थान में विधि-विधान से विराजित किए। जहां वर्तमान में आज भी मां चण्डी की पूजा-अर्चना की जा रही है।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि खास बात यह है कि इतवारी देवांगन के निवास में मां चण्डी की मूर्ति जिस रूप में स्थापित थी, वही मूल स्वरूप आज भी वर्तमान मन्दिर में विद्यमान है। माता की मनोहारी प्रतिमा पूर्वमुखी है, सामने मां की सवारी दो सिंह हैं। मंदिर में माता के दाहिने ओर पंडा की प्रतिमा, नरसिंह देव, काली, एवं बायीं ओर मां दुर्गा, मां महामाया, अगुवान की मूर्ति स्थापित है। वहीं गर्भगृह के बगल में ज्योति कक्ष है और प्रवेश द्वार के पास ही खप्पर निकासी स्थल है। प्रारम्भ में मंदिर और गर्भगृह छप्पर युक्त झोपड़ी थी। मां चण्डी की मूर्ति स्थापना के बाद लोगों की आस्था और मनोकामना पूर्ति होने की वजह से यह सिद्धपीठ के रूप में जाना जाने लगा। उन्होने बताया कि सन 1980 के दशक में स्व. यदुनन्दन बक्शी मंदिर समिति के प्रथम अध्यक्ष बने बाद में प्रसन्न कश्यप, राकेश यदु, शंभू देवांगन, अखिल मिश्रा, मन्नू चन्देल आदि ने अध्यक्ष का दायित्व निभाया। मंदिर में सबसे पहले दो ज्योति कलश स्व. मिठैया व इतवारी देवांगन द्वारा प्रज्जवलित कराया गया था।

### मां दंतेश्वरी मंदिर के बाद मां चण्डी मंदिर से खप्पर परम्परा प्रारम्भ की गई



इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि कवर्धा में 1927-28 में खप्पर के रूप में स्व. मिठैया देवांगन निकले। सन 1982-83 में मंदिर निर्माण के बाद पहला खप्पर लेकर रामलाल देवांगन और अगुवान स्व. जोधू देवांगन, प्रहलाद देवांगन और सुंदर देवांगन निकले, यह 1995 तक चला। 1996 से कुछ अपरिहार्य कारणों से खप्पर निकलना बंद हो गया, जिसे सन 2008 से स्व. दद्दू ने खप्पर उठाकर प्रारम्भ किया जो आज तक अनवरत जारी है और वर्तमान में रघुनाथ पाली खप्पर उठा रहे हैं और तिहारी चन्द्रवंशी के साथ पंडा के रूप में सेवा दे रहे हैं। माता ऐश्वर्य, शक्ति, वैभव और साहस देने वाली हैं, दर्शन कर अपने को पुण्य का भागी बनाएं।

# देखरेख के अभाव में नवरात्रि पर्व में सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट बंद

- देवी मंदिर, चौक-चौराहा में पसरा अंधेरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में लगे सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट देख-रेख तथा सुधार कार्य के अभाव में गली-मोहल्ला, मंदिर व चौक चौराहा में अंधेरा ही अंधेरा पसरा हुआ है। यहां बताना लाजिमी होगा कि वर्षो से 10 सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट मंदिर परिषर, गली-मोहल्ले व चौक चौराहा पर लगाया गया लेकिन विभागीय अधिकारियों व क्षेत्र के जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। दुर्भाग्य की बात है कि आज ग्राम कोलेगांव के रहवासी मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के विकास व गली-मोहल्ला में सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट लगाया गया ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सकें। वहीं सुधार व मरम्मत कार्य के अभाव में सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट बंद व लाखों रुपए की लागत राशि से लगे स्ट्रीक लाइटे सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी हुई है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने कई बार शिकवा-शिकायत शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन स्थिति में कोई सुधार नही आई है। वहीं शासन प्रशासन व विभागीय जिम्मेदारों से मांग कर जल्द से जल्द सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट की मरम्मत व सुधार किए जाने की अपील की गई ताकि गली मोहल्ला, मंदिर परिषर दशहरा, दीपावली से पहले जगमगा उठे।

# माता पार्वती गाय बनी और भगवान शिव नंदी बने है:पं आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ▶▶मोहगांव

मां महामाया दुर्गा समिति मोहगांव चौक के तत्वाधान में ग्रामाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में नवधा रामायण एवं मां माता दुर्गा की पूजन आराधना समस्त ग्रामवासी भक्ति भाव से कर रहे है। मोहगांव में आयोजित नवधा में धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने गौ-कथा कहते हुए बताया कि संसारी लोगों के दुख से पिघल कर करुणा वश माता पार्वती ही गौ-माता बन गई और भगवान शंकर नन्दी बने हैं। गौ-माता में भी ककुद डिल्ला के रुप में भगवान शिव गाय मे भी रहते हैं। गो तंत्र नामक ग्रंथ में श्री शिव और माता पार्वती के संवाद के रूप में गौ-कथा का बहुत सुंदर वर्णन किया है। श्री शिव माता पार्वती से कहते हैं कि माता पार्वती और गाय दोनों एक ही है। समुद्र मंथन में गौमाता सुरभि प्रकट हुई हैं। जो आसुरी शक्तियों को भगा दे वो गौ माता है। जो द्रव्य पदार्थों दूध दही घी के द्वारा मानवों में सात्विकता को बढ़ाकर दुखों से सुखों की ओर गति कराए ले जाये वो गौमाता है, जो भगवान की ओर ले जाए वो गौमाता है। गौ-कथा सुनने से पाप नष्ट होता है, पितर तर जाते हैं। गौमाता नंदी की सेवा करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है, भक्ति ज्ञान और वैराग्य मिलता है। निष्काम भाव से भगवान मानकर गौवंश की सेवा करता है वो भगवान को भी प्राप्त कर सकता है। गौ सेवा से सुख मिलता है दुःख और विपत्ति दूर होती है। गौमाता के शरीर में 33 कोटी देवी-देवता निवास करते हैं गोबर में लक्ष्मी और गौ मूत्र में गंगा रहतीं है। गौमाता की पूजा, परिक्रमा और सेवा करने से सभी देवी-देवताओं का पूजन हो जाता है। सभी तीर्थो में स्नान का फल प्राप्त होता है। गौमाता की सेवा से सुख सम्पत्ति मिलती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौमाता के रज का मस्तक में तिलक लगाने से गंगा स्नान का फल मिलता है और पाप नष्ट हो जाता है। गाय के गोबर का तिलक लगाने से भूत, प्रेत, डाकिनी व शाकिनी सब दूर रहते हैं। जब हम गाय के गोबर से किसी स्थान या घर को लिपते है तब ही वह स्थान पूजा पाठ यज्ञ और श्राद्ध के लिए पवित्र होता है। जहां गौ वंश रहता है वह स्थान तीर्थ के समान हो जाता है। गौमाता थोड़ी सी सेवा से प्रसन्न हो जातीं हैं। गौमाता का दर्शन, स्पर्श, प्रणाम, पूजन, चारा देना, जल देना ये सब गौमाता की सामान्य पूजा है। गौमाता की हत्या पूरे देश में बंद हो।

### गौमाता को राज्य माता का सम्मान तुरंत देना चाहिए

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा गौमाता को राज्य माता का सम्मान तुरंत देना चाहिए। हम लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। प्लास्टिक को रास्ते में फेंकने से गौमाता उसे खा लेती है और मर जाती है। इसलिए झिल्ली और प्लास्टिक को घर के बाहर ना फेंके। गौ माता के चारा पैरा-पलारी को जलाना नहीं चाहिए, इसे गौ शाला या गौ सेवक को देना चाहिए गौमाता के चारा पैरा जलाने से बहुत पाप लगता है। गौ हत्या बंद कराने के लिए सभी को गौ मतदाता बनना चाहिए। अब जब गौमाता का दर्शन हो नंदी का दर्शन हो तो शिव पार्वती मानकर प्रणाम करें और बहुत प्रेम से गौमाता नंदी की सेवा करें। गाय बचेगी देश बचेगा। गौमाता बचेगी तो मानव समाज बचेगा। जहां गौमाता नंदी की हत्या होती है गौ वंश को पीड़ा पहुंचाया जाता है वहां भूकंप, महामारी, अतिवृष्टि अनावृष्टि होती है समाज में भय का वातावरण रहता है लोग दुःखी रहते हैं। इसलिए यदि सुख शांति चाहिए तो गौ हत्या बंद करके श्रद्धा और प्रेम से गौमाता की सेवा पूजा करनी चाहिए। सभी को जहां जक संभव हो गौमाता का पालन करना चाहिए। आज गौमाता कहां खड़े हो ? कहां जाय कहां रहे गौचर भूमि पर कब्जा हो गया है अतः गौचर भूमि को लोग खाली करे सरकार को गौचर भूमि खाली कराना चाहिए। गौचर भूमि खाली करने से बहुत पुण्य मिलता है। सभी समस्या का हल गौ सेवा, गौ को चारा और जल देने से मिलता है।

# अशोका पब्लिक स्कूल में रास-गरबा कार्यक्रम आयोजित

### नवरात्रि उत्सव का मुख्य आकर्षण रास-गरबा, खप्पर प्रदर्शन एवं रावण दहन रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के अशोका पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर्व के अवसर पर अशोका रास-गरबा का रंगारंग भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगी झालरों, फूल-माला और दीपों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती दुलारी देवी देवांगन, विद्यालय संचालक पवन देवांगन, संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन एवं विद्यालय प्राचार्य एसएल नापित तथा प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व आरती के साथ किया गया। तत्पश्चात अशोका स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों की थाप पर जसगीत के साथ विश्व में एकमात्र कवर्धा शहर में मां दुर्गा स्वरूप खप्पर का भव्य प्रदर्शन किया गया। विद्यालय प्रांगण के इस भक्तिमय वातावरण में जय माता दी जयकारा के बीच ऐसा प्रतीत हुआ जैसे खप्पर के स्वरूप में साक्षात मां जगत जननी का अवतरण विद्यार्थियों के बीच हुआ हो। विद्यार्थियों द्वारा मां काली, खप्पर, पंडा, बैगा, पुजारी द्वारा विभिन्न रूपों से अलौकिक दृश्य एवं प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मनमोहन लिया। जिस पर विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति गहरी आस्था और उत्साह को प्रोत्साहित करते है। यह आयोजन विद्यालय परिसर के लिए अविस्मरणीय रहा और सभी ने इस नवरात्रि पर्व की सच्ची आनंदमयी झलक की ज्वलंत प्रस्तुति दी। स्कूल के प्राचार्य एसएल नापित एवं लोकनाथ देवांगन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन छात्र-छात्राओं को उनकी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक और गौरवान्वित महसूस कराते हैं। रास-गरबा कार्यक्रम ने स्कूल में एक यादगार अनुभव प्रदर्शन किया। यह आयोजन निश्चित रूप से स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने बताया कि नवरात्र पक्ष के शुरुआत से ही इस कार्यक्रम की रणनीति तैयार कर ली गई थी।

### बालिकाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर विभिन्न कलाओ व नृत्य कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया

अशोका रास-गरबा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुंदर नृत्य, ताल-मेल और आकर्षक परिधानों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। नन्ही-मुन्नी बालिकाओं तथा सीनियर वर्ग की बालिकाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर अपनी विभिन्न कलाओ और नृत्य कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों के इस कार्यक्रम में अभिभावकों द्वारा भी पारंपरिक डांडिया एवं गरबा नृत्य की प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनी।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं मुख्य अतिथि घुरवाराम साहू नपं अध्यक्ष ने स्वयं सेवकों को रासेयो दिवस की बधाई दी एवं सभी स्वयंसेवकों हेतु टी-शर्ट देने की घोषणा किए। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती दुर्गा कमल कांत नाविक ने स्वयं सेवकों द्वारा किए हुए कार्य की सराहना किए। डॉ मनोहर चंद्रवंशी (वरिष्ठ समाज सेवी पिपरिया) ने कहा एनएसएस का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करना है। वहीं संध्या देवांगन सभापति, शिवचरण पटेल उपाध्यक्ष, श्रीमती केवरी साहू, दुर्गेश साहू पार्षद गण उपस्थित थें। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों द्वारा लोक पारंपरिक नृत्य एवं राम ददरिया की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि के करकमलों से हिमांशू, गोपाल, श्रवण, सूखचैन, वंदना को सी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ एसके श्रीवास प्राचार्य, सत्येंद्र चंद्रवंशी सहा. प्राध्यापक, बृजभूषण वर्मा रासेयो प्रभारी, डॉ ममता दुबे, सुश्री लीना झारिया, सुश्री श्रद्धा चंद्रवंशी, सीआर साहू, अभिजीत केशरवानी, प्रकाश चंद्रवंशी, जीवन सिंह मरकाम एवं समस्त प्राध्यापकगण व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# पंवरजली में पीएम नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनीय कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पंवरजली में सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल कुण्डा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पंवरजली के निवासियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कुण्डा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा की नरेन्द्र मोदी ने अपनी सारी जिंदगी देश को समर्पित किया, आज देश पूरी तरह से भ्रष्टाचार मुक्त की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री का जीवन देश के लिए समर्पित रहा पूरे देश को अपना परिवार मानकर जिस भाव से देश को आगे बढ़ा रहे हैं ओ काबिले तारीफ है। जिला पंचायत सभापति दीपा धुर्वे ने कहा की पीएम मोदी की अगुवाई में देश का नाम विश्व पटल पर सबसे ऊपर सुमार हुआ है, आज विश्व स्तर पर भारतीय हर क्षेत्र में भारत का नाम रौशन कर रहे हैं, मेक इन इंडिया के विजन से लोकल व्यापारियों को लाभ पहुंचाने देश स्तर पर मुहिम चल रही है। उक्त कार्यक्रम के प्रभारी एवं जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु ने कहा की नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश प्रथम के भाव सारे काम हुए। उन्होने कहा कि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चन्द्रवंशी, कुण्डा मण्डल प्रभारी रामकुमार भट्ट, कार्यक्रम के सयोजक संतोष चंद्रवंशी, श्रवण चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती दीपा धुर्वे, बालमुकुंद चन्द्रवंशी, अश्वनी यदु, हरेंद्र सिंह राजपूत, सुमन ढ़ीमर, संतोष धुर्वे, शेखर सिंगरौल, अनिल सिंह राजपूत, मनोज पाठे, अनिल यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# मां महामाया के दरबार में नतमस्तक हुई पूर्व विधायक ममता चंद्राकर

- क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि कि कामना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई



नवरात्रि पर्व के छठवें दिन पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने नगर पंचायत पाण्डातराई स्थित मां महामाया मंदिर में पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया। उन्होंने प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। मंदिर परिषर पहुंचने पर श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। दर्शन के पश्चात पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने बमनदाई मंदिर, गौरकापा मंदिर, किशुनगढ़, झिरिया, मां महामाया मंदिर तथा देवी मइया के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रामलाल चंद्राकर, भोजराम रात्रे, राजेंद्र चंद्राकर, मनोज, मनीराम कोसले, सरपंच भानु साहू, सरपंच दलपूर्वा, संतराम धुर्वे, वीरेंद्र यादव, रोहित चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित थें। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि नवरात्रि भक्ति, शक्ति और मातृ आराधना का प्रतीक पर्व है। मां महामाया की कृपा से क्षेत्र में शांति, सद्भाव और समृद्धि बनी रहे यही मेरी कामना है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 2 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के चारों विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं आश्रित ग्रामों में 2 अक्टूबर 2025 को ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा द्वारा जारी किए गए हैं। ग्राम सभा में ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत द्वारा विगत तिमाही में किये गए आय-व्यय की समीक्षा करेंगे। पिछले वर्ष विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि,व्यय हुए राशि एवं कार्य की अध्यतन स्थिति पर ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। ग्राम सभा की तैयारियां सभी ग्राम पंचायतों में की जा रही है।

# श्रद्धालुओं के आस्था और विश्वास का केन्द्र है ग्राम माकरी का मां हिंगलाज भवानी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्री पर्व पर जिला मुख्यालय से 32 किलो मीटर दूर ग्राम माकरी स्थित अति प्राचीन मां हिंगलाज भवानी मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था और विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। हाफ नदी के तट पर स्थित इस मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु मां जगत जननी हिंगलाज भवानी से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे है।

नवरात्र पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्जवलित कराए हैं। बताया जाता है कि करीब 262 वर्ष पूर्व क्षेत्र के गोड़ राजाओं को यहां खुदाई के दौरान काठ से निर्मित मां हिंगलाज भवानी की मूर्ति प्राप्त हुई थी। जिसे गोड़ शासकों ने ग्राम माकरी में हाफ नदी के तट पर श्रद्धाभाव से स्थापित करवा दिया था। तब से यह मूर्ति यहीं पर स्थापित है।

वहीं कई जानकार व ज्योतिषियों का मत है कि मां हिंगलाज भवानी की मूर्ति पाकिस्तान के रावल पिंडी शहर के पास हिंगलाज शक्तिपीठ के नाम से जानी जाती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ग्राम माकरी में स्थापित मां हिंगलाज भवानी की मूर्ति दुर्लभ तो है ही साथ ही अद्भुत भी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ से ही काठ से निर्मित यह मूर्ति यहीं स्थापित है। श्रद्धालु प्रतिदिन मां की पूजा करते है और उन्हें जल अर्पित करते है। लेकिन काठ से बनी



इस मूर्ति में आज तक कोई फर्क नहीं आया है। जबकि आम लकड़ी में इतने लम्बे समय तक पानी डालने पर वह कब की नष्ट हो चुकी होती। ग्रामीणों ने बताया कि मां हिंगलाज भवानी का रूप और तेज देखते ही बनता है।

वैसे तो मां हिंगलाज भवानी के दर्शन करने बारह महिने दूर-दूर से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। लेकिन चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि में इस स्थान का महत्व और भी बढ़ जाता है। लोग अपने दुख दर्द, व मनोकामना लेकर मां के चरणों में आते है और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मां के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते है।

श्रद्धालुओं की आस्था है कि मां हिंगलाज भवानी के चरणों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने वाले श्रद्धालु की मनोकामना जरूर पूरी होती है। मां की महिमा से रूबरू हो चुके प्रदेश के कई अधिकारी, राजनीति से जुड़े लोग प्रतिवर्ष चैत्र व क्वांर नवरात्रि में मां के चरणों में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराते है और मनोकामना पूर्ण होने के बाद सपरिवार आकर मां से आशिर्वाद लेते है।

इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में 71 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां हिंगलाज भवानी मंदिर समिति द्वारा नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। समूचा गांव मां की भक्ति में लीन है।

### पुरातत्व विभाग भी कर चुका है प्रतिमा का परीक्षण

यद्यपि प्रथम दृष्टया देवी मूर्ति काष्ठ की लगती है वहीं कुछ लोग प्रस्तर प्रतिमा होने का दावा करते हैं किंतु आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह प्रतिमा काष्ठ की है अथवा फिर प्रस्तर की। माकरी ग्राम के कमलकांत बबलू शुक्ला ने बताया कि उक्त मूर्ति का परीक्षण पुरातत्व विभाग के लोग भी कर चुके हैं लेकिन उनके द्वारा भी यह प्रमाणित नहीं किया जा सका कि आखिर देवी मूर्ति किस धातु की है। माकरी ग्राम पंडरिया क्षेत्र के कुंडा से दो किलोमीटर दूर दक्षिण में कुंडा मोहगांव मार्ग पर स्थित है।

**जांच:** शासन-प्रशासन पर लगाए कई गंभीर आरोप, पीड़िता व परिवार को समुचित न्याय देने की मांग

# कांग्रेस की जांच टीम ने गैंग रेप पीड़िता से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया के नेतृत्व में गठित सात सदस्यीय जांच टीम ने कवर्धा पहुंचकर सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता और उनके परिजनो से मुलाकात की और पीड़िता तथा उसके परिजनो से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जांच टीम के मुताबिक जांच के रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही प्रदेश कांग्रेस के समक्ष घटना की रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

इस संबंध में जांच कमेटी का नेतृत्व कर रही पूर्व मंत्री श्रीमती भेड़िया ने कहा कि यह घटना प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले की चरमराई कानून व्यवस्था का परिणाम हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में एक बच्ची सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हो जाती है लेकिन न तो गृह मंत्री का बयान सामने आता है और न ही सरकार के किसी अन्य सदस्य का। उन्होने कहा कि अभी तक शासन प्रशासन ने पीड़िता और उसके परिवार की सुध नहीं ली है। उन्होने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लेना भर काफी नहीं है। इस घटना के बाद पीड़ित बच्ची का जीवन खराब हुआ है अब बच्ची का जीवन को संवारने और उसे अपने पैरों में खड़ा करने की जिम्मेदारी सरकार की है।

जिसके लिए सरकार को प्रयास करना चाहिए। लेकिन सरकार ने अभी तक इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया है। वहीं जांच टीम में शामिल पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर ने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय और चिंताजनक है।

उन्होने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हालात ये हो गए हैं कि कबीरधाम जिले में न तो बच्चियां सुरक्षित है और न महिलाएं। जिले में लोहारीडीह, कामठी, तथा अब सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होने कहा कि विष्णुदेव सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नकाम साबित हो रही है। उन्होने सरकार से सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता और उसके परिजनों का समुचित न्याय देने की मांग की है, ताकि पीड़िता अपना आगे का जीवनयापन बेहतर ढंग से कर सके।

### सरकारी नौकरी व 50 लाख के मुआवजा की मांग



पीड़ित परिवार ने पीड़िता के लिए सरकारी नौकरी तथा 50 लाख रूपए की मुआवजा राशि की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार ने सामुहिक दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने तथा उनके घरों में बुलडोजर चलाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है। ताकि बच्चियों के साथ इस तरह की घिनौनी वारदात करने वालों को सबक मिल सके। तथा सरकारी नौकरी व मुआवजा से पीड़िता अपना आगे का भविष्य बेहतर कर सके।

# कलेक्टर श्री वर्मा ने बोड़ला तहसील न्यायालय का किया औचक निरीक्षण

- लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा बीते शनिवार को बोड़ला तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व मामलों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील न्यायालय में दर्ज प्रकरणों, लंबित मामलों तथा सुनवाई के लिए निर्धारित तैयार प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, त्रुटि सुधार, आरबीसी 6-4 सहित समय-सीमा पार कर लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन किया और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर विनय पोयाम, अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया संदीप ठाकुर, बोड़ला सागर सिंह, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार राजश्री पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों की फाइलों की स्वयं समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसान पुस्तिका बनाने की प्रगति की जानकारी ली तथा रुके हुए प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आबादी सर्वेक्षण के लंबित प्रकरणों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी केस एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी जनसमस्याओं का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता के छोटे-छोटे कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारियों को विशेष चेतावनी भी दी कि सभी प्रकार के जांच प्रतिवेदन और आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं, ताकि सुनवाई और निराकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि पटवारी अपने निर्धारित दिवस पर अनिवार्य रूप से हल्का मुख्यालय में मौजूद रहें और उसकी तिथि पहले से तय कर दी जाए, ताकि किसानों को सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि पटवारी का मोबाइल नंबर हमेशा चालू रहना चाहिए और उसे कार्यालय में चस्पा किया जाए, जिससे किसी कारणवश अनुपस्थित होने पर किसानों को समय पर सूचना मिल सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्राकृतिक आपदा और सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे सभी प्रकरणों का निराकरण अधिकतम 15 दिनों के भीतर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से विचार करें, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और राहत उपलब्ध हो सके।

# बोड़ला थाने में शांति समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



दशहरा पर्व एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के मद्देनजर बोड़ला थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी अखिलेश कौशिक एवं थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने की। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, नरेश साहू, संदीप गुप्ता, सोमनाथ धुर्वे, मोहन कश्यप, दीपक माग्रे, गौतम गुप्ता, सोनू जायसवाल, पवन पटेल, केसरवानी, दानी पटेल सहित नगर के विभिन्न दुर्गा पंडाल समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस प्रशासन ने कहा कि दशहरा पर्व एवं प्रतिमा विसर्जन में सभी लोग शांति बनाए रखें। पंडाल समितियां शाम के पहले सामूहिक रूप से विसर्जन यात्रा निकालें ताकि आमजन को असुविधा न हो और व्यवस्था सुचारु बनी रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल एवं उपाध्यक्ष लव निर्मलकर ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि थाना परिसर के सामने टेंट लगाया जाए तथा प्रत्येक पंडाल क्षेत्र में गश्ती की विशेष व्यवस्था हो। समिति सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष बाहर से आए युवकों द्वारा अनुशासनहीनता की घटनाएं हुई थीं। इसलिए इस बार पुलिस द्वारा चौक-चौराहों पर सख्त व्यवस्था होनी चाहिए। चूंकि पारंपरिक रूप से लगने वाले रात्रि कालीन मेले में आसपास के दर्जनों गाँवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होना आवश्यक है। बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं समिति पदाधिकारियों ने नगर में सौहार्द, शांति और एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन

# मंहगाई की मार नवरात्र पर्व में फलाहारी खाद्य पदार्थो पर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



मंहगाई की मार नवरात्र की फलाहारी थाली पर भी भारी पड़ रही है और पर्व विशेष पर उपवास रखने वाले इसकी मार झेल रहे हैं। विशेषकर उपवास में उपयोगी फलाहारी खाद्य पदार्थो के दाम तो आसमान छूने लगे हैं। जानकारी के मुताबकि नवरात्रि पर्व में उपवास रखने वाले फलाहारियों को फलों के बढ़े हुए दाम आंखे दिखा रहे हैं ऐसे में ज्यादातर फलाहारी बजट में आने वाले आलू से ही काम चला रहे हैं हालांकि आलू की कीमतों में भी सामान्य दिनो की अपेक्षा नवरात्र में कुछ बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। वहीं नगर के बाजार में बिकने वाले मौसमी फलों के दामों में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। फल विक्रेताओं से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों बाजार में सेब, अनार, नासपात्ती डेढ़ से दो सौ रूपए प्रति किलो बिक रहे हैं और केला 60 से 70 रूपए दर्जन बिक रहा है। फल विक्रेताओं के मुताबिक सभी फलों की कीमतों में नवरात्रि पर्व के चलते वृद्धि हुई है। फलों के साथ-साथ उपवास में उपयोग आने वाला साबुदाना करीब 160 रूपए किलो, फल्लीदाना 180 रूपए किलो, खड़ा सिंघाड़ा 200 रूपए किलो, सिंघाड़ा आटा 250 रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। रही बात सूखे मेवा की तो वह सामान्य वर्ग की पहुंच से काफी दूर है। मंहगाई का असर उपवास में उपयोग आने वाले टमाटर, धनिया, मिर्ची और आलू में भी पड़ा है। टमाटर इस समय नगर के सब्जी बाजार में करीब 30 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। कुल मिलाकर नवरात्र पर्व के उपवास को महंगाई का सामना करना पड़ा रहा है।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में विराजी जीवंत मातारानी नवदुर्गा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल के द्वारा सदैव ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ ही उनकी सांस्कृतिक चेतना के उत्थान के लिए भी बहुविध आयोजन किया जाता है। नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी भगवती का पूजन चतुर्दिक भक्तिभाव से हो रहा है। गुरुकुल में भी जीवंत माँ नवदुर्गा का पूजन किया गया। प्री प्राइमरी- प्राइमरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने नव दुर्गा के रूप में विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया। दर्शको को लगा मानों माता भगवती का साक्षात अवतरण हुआ हो। इस अवसर पर भंडारे का भी भव्य आयोजन किया गया। मातारानी के जयकारे से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने सच्चे मन से मातारानी भवानी से समग्र विद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। गुरुकुल परिवार ने इस आयोजन को सफल बना कर सच्चे अर्थों में मां दुर्गा की भक्ति, सेवा तथा अनुशासन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण तथा प्रभारी प्राचार्य ने इस गरिमामय आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को ऐसी सांस्कृतिक चेतना से सदैव जोड़े रखने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**ग्रामीणों व यात्रियों को कीचड़ से मिलेगी मुक्ति, बनेगा सीसी रोडः कैलाश चंद्रवंशी**

# जिपं उपाध्यक्ष ने की घोषणा, मरका बस स्टैंड का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायिक केंद्र मरका बस स्टैंड का जल्द ही कायाकल्प होने जा रहा है। बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे यात्रियों और दुकानदारों को अब राहत मिलेगी, क्योंकि बस स्टैंड परिसर में सीसी रोड (कांक्रीट सड़क) का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने जनसंपर्क के दौरान मरका दौरे के समय दी। जनसंपर्क अभियान के तहत जब कैलाश चंद्रवंशी मरका पहुंचे, तो स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों और दुकानदारों ने उन्हें बस स्टैंड की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। लोगों ने बताया कि मरका बस स्टैंड न केवल क्षेत्रीय व्यापार का केंद्र बिंदु है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वालों के लिए मुख्य आवागमन स्थल भी है। बावजूद इसके, हर बरसात में यहां कीचड़ फैल जाता है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से बस स्टैंड में स्थायी समाधान की मांग की थी। दुकानदारों ने बताया कि कीचड़ के कारण न तो ग्राहक सहजता से आ-जा पाते हैं और न ही बसों की पार्किंग ठीक से हो पाती है, जिससे रोजमर्रा के व्यापार पर बुरा असर पड़ता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने मौके पर ही सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा, मरका बस स्टैंड क्षेत्र की रीढ़ है, यहां की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनता की मांग जायज है और इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, भविष्य में मरका बस स्टैंड को और बेहतर सुविधाओं से लैस करने की योजना भी बनाई जाएगी। इस निर्णय से मरका क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने कैलाश चंद्रवंशी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नवरात्रि पर 30 को कन्या पूजन व भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्रि के पावन अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कन्या पूजन एवं भोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 सितम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे वीर सावरकर सभागार भवन कवर्धा में होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम के मार्गदर्शन में, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के नेतृत्व में यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

